संताल एक्सप्रेस के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

संताल एक्सप्रेस

वर्ष- 07 अंक - 08 दुमका | RNI NO. JHABIL/2018/76383 | www.santalexpress.com | 28 सितंबर 2024, शनिवार | पृष्ठ-8 मूल्य : 2 रुपये

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

अबुआ आभार
हेमन्त सरकार

PR 337433(IPRD) 24-25

नियुक्ति नियमावली में अड़चनों को दूर कर नियुक्तियों की कड़ियां जोड़ती हेमन्त सरकार

नव चयनित 444 प्रशिक्षण अधिकारियों को

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन

एवं मंत्रीगण सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

दिनांक: 28 सितम्बर, 2024 | समय: अपराह्न 12:00 बजे | स्थान: जैप-1 ऑडिटोरियम, डोरण्डा, रांची

युवाओं के सपने, हेमन्त सरकार के हैं अपने

- कृषि पदाधिकारी समेत कई पदों पर राज्य गठन के बाद पहली बार नियुक्ति
- विभिन्न विभागों में हजारों युवाओं की हुई नियुक्ति
- JPSC अथवा JSSC द्वारा अनुशंसित विभिन्न पदों में 75% से 100% झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति
- इस वित्तीय वर्ष में 5,403 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों एवं 539 लैब सहायकों की नियुक्ति
- JSSC द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में चयनित 327 अभ्यर्थियों एवं Re-counselling के उपरांत चयनित 200 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति
- गरीब-गुरुबा परिवार के युवा बने अफसर
- JPSC में रिकॉर्ड समय पर नियुक्ति
- निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण के साथ 1 लाख से अधिक युवाओं को मिला ऑफर लेटर

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

अमीषा पटेल ने चेक बाउंस की पूरी रकम चुकाई, शिकायतकर्ता ने वापस लिया केस

रांची । बॉलीवुड की फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल ने शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह को चेक बाउंस की पूरी रकम 02 करोड़ 75 लाख रुपये का भुगतान कर दिया है। अंतिम किस्त के रूप में 19 लाख बकाया था, जिसे दो बार में 14 लाख और 5 लाख रुपये में भुगतान की गई। रकम पूरी मिल जाने के बाद शिकायतकर्ता ने अधिवक्ता बिजय लक्ष्मी श्रीवास्तव के जरिए शुक्रवार को केस वापसी का आवेदन न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में दिया, जहां मामले को निष्पादित कर दिया गया। इस केस की वजह से अभिनेत्री अमीषा पटेल को रांची की निचली अदालत में आकर पिछले वर्ष सरेंडर कर जमानत लेनी पड़ी थी। अमीषा पटेल ने चेक बाउंस की कुछ किस्त निर्धारित तारीख से पहले ही भुगतान कर दी थी। 2.75 करोड़ रुपये के चेक बाउंस से जुड़े मामले में अमीषा पटेल एवं अजय कुमार सिंह के बीच बीते नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत में झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस एसएन प्रसाद की मौजूदगी में ऑनलाइन समझौता हुआ था।

गिरिडीह में डायरिया से एक की मौत, चार की हालत नाजुक

गिरिडीह । जिले के सरिया प्रखंड के कोयरीडीह पंचायत अंतर्गत कोल्हरिया टोले में विगत तीन दिनों से डायरिया का प्रकोप है। इससे पीड़ित एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि चार अन्य इस बीमारी से गंभीर रूप से पीड़ित हैं। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों की टीम गांव में कैप कर रही है। मेडिकल टीम पीड़ितों का इलाज व अन्य ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर रही है। पीड़ित परिजनों और ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, गिरधारी कोल्ह (60) को बुधवार को दस्त और उल्टी होने की शिकायत हो गई। इसके बाद परिजनों ने ग्रामीण चिकित्सक से इलाज कराया लेकिन देर रात उनकी मौत हो गयी। बताया गया कि गांव की राधा कुमारी (16), प्रेम कोल्ह (40), बबिता देवी (28) और पेमिया देवी (35) भी इस गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं।

सांप डंसने से इलाज के दौरान व्यक्ति की मौत

राजमहल/साहिबगंज। थाना क्षेत्र के लखीपुर गांव में बीते गुरुवार को सांप काटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसे इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान को देर रात उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार छेदू मंडल के पुत्र राजू मंडल (50) रोज की तरह गुरुवार को भी धान के खेत में काम करने गया था। इसी दौरान दोपहर करीब 2ः00 बजे उसे एक जहरीले सांप ने काट लिया। इससे वह मूर्छित हो गया। आसपास काम कर रहे हैं अन्य लोगों को पता चलते ही इलाज के लिए उसे अनुमंडल अस्पताल लाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज किया। अचानक देर रात उसकी हालत बिगड़ गया और अस्पताल में ही उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया हुई। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

शार्ट सर्किट से घर में लगी आग,समान जलकर राख

साहिबगंज । शहर के सकरुगढ़ पूर्वी फाटक स्थित केबिन के निकट शुक्रवार को शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई। जिससे घर का सामान जलकर राख हो गया। पीड़िता चंदा देवी ने बताया कि पति श्याम सुंदर यादव के साथ सब्जी लाने के लिए शिव नारायणपुर गई हुई थी। इसी बीच बिजली के तार में आग लग गई। पड़ोसियों ने इसकी सूचना दी। जब घर पहुंची तो कागजात, गहना, कपड़े, नकद 30 हजार रुपये सहित सारा सामान जलकर राख हो गया था। पड़ोसियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया था। पीड़िता ने विद्युत विभाग को आवेदन देकर मुआवजा की मांग की है।

एड्स को लेकर लोगों को जागरूक किया

साहिबगंज । एड्स से बचाव एवं नियंत्रण हेतु युवाओं एवं आम जनों को जागरूक करने के लिए इंटेन्शिफाइड ढ्वश्वष्ट केम्पेनिंग अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया है। जिसमे रैली को सिविल सर्जन डॉश्र प्रवीण कुमार संथालिया, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ सुरेन्द्र कुमार मिश्रा एवं साहिबगंज ने संयुक्त रूप से रैली को हरी झंडी दिखाकर साहिबगंज महाविद्यालय से रवाना किया ! यह रैली ग्रीन होटल, रेलवे स्टेशन चौक, पटेल चौक होते हुए गांधी चौक में समाप्त हो गई ! रैली में चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं महाविद्यालय के छात्र /छात्राएं मौजूद थे।

चाचा भतीजा में हुई मारपीट ,भतीजा हुआ गंभीर रूप से घायल

पतना। प्रतिनिधि। रांगा थाना क्षेत्र अंतर्गत तालझारी पंचायत के सिंगाटाड़ गांव में बच्चों को लेकर चाचा भतीजा में हुई मारपीट जिससे दो आदमी बुरी तरह जख्मी हो गए।चाचा बकदू सोरेन और 4वक्तियों ने मिलकर भतीजा को सर पर लाडी से वार किया जिससे भतीजा जूना सोरेन एव बहू मरंगमय मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल वक्ति जूना सोरेन पिता जटू सोरेन ने रांगा थाना में आवेदन दे कर बगदू सोरेन,बड़की मुर्मू ,चुड़की सोरेन, गोपाल मरांडी के नाम पर प्राथमिकी दर्ज़ कर कार्रवाई की मांग की गई।

घर मरम्मत करने के दौरान गिरने से वृद्ध घायल

साहिबगंज। जिले के बीरबल कांदर मांझीटोला में शनिवार की शाम छप्पर मरम्मती करने में दौरान गिरने से एक अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहाँ घायल व्यक्ति बीरबल कांदर मांझीटोला के रहने वाले अनंत हसदा (50) है। परिजनों ने बताया कि बारिश के समय छप्पर से पानी टपक रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने से नीचे गिर गया। इसमे वे गंभीर रूप से घायल हो गया। वही घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

सड़क की धीमी कार्य प्रगति से ग्रामीण परेशान

साहिबगंज /बोरियो । प्रखंड क्षेत्र के बांझी बाजार से बगदुम्मा बीरबल कंदर पीडब्ल्यूडी रक्सो भाया बगदुम्मा बीरबल कंदर तक निर्माणधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में संवेदक नितेश कुमार सिंह प्राईवेट लिमिटेड के द्वारा जमकर अनियमितता बरती जा रही है, ऐसा आरोप ग्रामीणों का है। नाली को सड़क के ऊपर बना दिया गया है जिससे जमा पानी नाली में न जाकर एक ही जगह पर जमा हो जाता है। केंद्र सरकार के इस अति महत्वाकांक्षी योजना से दर्जनों गांवों के लोगों को आने जाने में सुविधा होगी। निर्माण कराई जा रही इस सड़क से दर्जनों गांव एक साथ जुड़ जाएंगे। लेकिन धीमी कार्य प्रगति से राहगीरों को किचड़मय रास्ते से भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की कुल लम्बाई 9. 350 किलोमीटर है, निमार्ण कार्य की प्राक्कलित राशि रूपए 7 करोड़ 30 लाख 53 हजार है, वहीं पांच वर्षों तक अनुरक्षण (मेंटेनेंस) के लिए रूपए 1 करोड़ 91 लाख 91 हजार तय किया गया है। लेकिन संवेदक द्वारा निर्माण कार्य में मनमानी किया जा रहा है, पीएम ग्राम सड़क योजना में नियमानुसार निर्माण कार्य शुरू करने से पहले पूर्ण विवरण के साथ बोर्ड लगाने का प्रावधान है, ताकि आमजन को भी जानकारी हो कि सड़क कितनी लम्बी, कितनी चौड़ी, कितनी मोटी, सड़क की गुणवत्ता, मैटेरियल की क्वालिटी आदि कितनी और कैसी है, लेकिन पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण हो रही बांझी बाजार से बगदुम्मा तक सड़क निर्माण कार्य में धीमी प्रगति से ग्रामीण परेशान है, बोर्ड भी लगा दी गई है, लेकिन कार्य की पूर्ण विवरण बोर्ड में नहीं दर्शाया गया है।

इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे से पहले राजद ने हटिया और रांची विधानसभा सीट पर ठोका दावा

रांची सं । प्रदेश राजद कार्यालय में शुक्रवार को राजद कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई।बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव उपस्थित थे।बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने चर्चा के दौरान कहा की राजद को हटिया और रांची विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी खड़ा करना चाहिए क्योंकि रांची में 1990 से तकरीबन 7 बार बीजेपी का विधायक निर्वाचित हुआ जिसमे राजद दो बार बहुत कम वोटो से पीछे होकर दूसरे स्थान पर रहा और कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही।वहीं हटिया में भी कमोवेश वैसी ही स्थिति रही,1990 से बीजेपी के विधायक रामजीलाल शारदा कई बार विधायक रहे उसके बाद सिर्फ दो बार 2005, 2009 में गोपाल नाथ शाहदेव कांग्रेस से दो बार विधायक निर्वाचित हुए जिसमे राजद करीब 3 बार दूसरे स्थान पर रहा और कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही। सिर्फ पिछली बार कांग्रेस दूसरे स्थान पर रही और अब तक एक बार आजसू,जेवीएम और बीजेपी इस क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करते आ रही है।इसलिए राजद को इस बार दोनो सीटों पर चुनाव लडने का दावा करने की जरूरत है। क्योंकि कांग्रेस दोनो विधानसभा क्षेत्र में कई बार किस्मत आजमा चुकी है। वार्ता के दौरान महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करना पार्टी का दायित्व है निश्चित रूप से पार्टी को इस प्रस्ताव को अवगत कराया जाएगा।आप सभी साथियों को कहना है कि राजद का सीधा लड़ाई बीजेपी से है और कुछ सहयोगियों से हो सकता है क्योंकि बीजेपी ध्रुवीकरण कर सामाजिक भावनाओं पर चोट पहुंचाने का काम कर रही है,बीजेपी के तमाम राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेता बांग्लादेशी घुसपैठी के नाम पर तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है क्योंकि भाजपा मुद्दाविहीन है राज्य में भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है सभी विषयों का जवाब राजद मजबूती से देगा।बैठक में रामकुमार यादव शब्बर फातमी विवेक यादव दीपक यादव मुन्ना पासवान अभिषेक सिंह सुनील यादव जावेद अंसारी मो. रिजवान अहमद निरंजन प्रसाद सुरेश राय योगेंद्र शर्मा देवानंद महतो संतोष सिंह दिनेश यादव कुंदन यादव अमरजीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

मरीज की मौत पर परिजन ने लगाया लापरवाही का आरोप, एंबुलेंस नसीब नहीं ई-रिक्शा में शव को ले जाना

संवाददाता

साहिबगंज। जिले के बड़े सदर अस्पताल इन दिनों काफी सुर्खियों में है. जहां आए दिन लापरवाही का नजारा देखने को मिल जाता है. वही सदर अस्पताल में शुक्रवार की शाम एक वृद्ध महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस पर परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका यह भी आरोप है कि उसकी मौसी की मौत हो जाने के बाद उसे अस्पताल से एंबुलेंस तक नही मिला। करीब एक घण्टा तक शव ले जाने के लिए एंबुलेंस के लिए सम्बंधित कर्मी से बात की। लेकिन कोई चालक ले जाने के लिए तैयार नही हुए। मजबूरी में हार कर ई रिक्शा पर शव ले जाने को विवश होना पड़ा। मृत महिला शहर के कबूतरखोपी के रहने वाले रामनाथ मंडल की पत्नी कुष्मी मोसमात(65) थी। मृतका की बहन का बेटा कुलसी मंडल ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे बुखार व गैस की शिकायत होने पर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह मौजूद डॉक्टर ने कुछ जांच लिखा। जांच रिपोर्ट भी शाम को करीब पांच बजे मिला। जोकि काफी देर से मिला। रिपोर्ट मिलेने के बाद ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर से कई बार देखने की अपील की। लेकिन थोड़ी थोड़ी देर कहकर विलंब कर दिया। परिजन का कहना है कि अगर रिपोर्ट तुरंत देखा जाता और इलाज शुरू कर दिया होता तो शायद उसकी मौसी की जान बच सकती थी। इसके अलावा उनका यह भी आरोप है कि शव ले जाने के लिए वे एक घण्टा तक भटकते रहे। यहां स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर कुछ भी नही है। इधर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर डॉ. फरोग हसन ने बताया कि महिला को सांस लेने में काफी परेशानी थी। महिला को कई बार देखा गया है। हालांकि देरशाम में जांच रिपोर्ट मिलने पर भी देखा गया है। हालांकि तबतक उसकी मौत हो चुकी है। इधर सीएस डॉ. पीके संथालिया से संपर्क करना चाहा। हालांकि संपर्क नही हो सका।

28 व 29 सितंबर को 4 घंटे रहेगा पावर कट,दुर्गा पूजा के मद्देनजर होगा मेंटेनेंस वर्क

रांची । दुर्गा पूजा में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए रांची बिजली आपूर्ति सिस्टम का मेंटेनेंस किया जाएगा।इसके लिए हटिया ग्रिड का 132/33 और 33 केवी हाफ मेन बेस का मरम्मती कार्य किया जाएगा। 28 सितंबर को सुबह 11ः15 बजे से लेकर दोपहर 3.30 बजे तक 33 केवी राजभवन सब स्टेशन, हरमू सबस्टेशन,रातु सब स्टेशन, ब्रांबे, टाटी सिल्वे सब स्टेशन बंद रहेगा।जिससे संबंधित क्षेत्रों में करीब 3ः30 घंटे बिजली नहीं रहेगी।वहीं 29 सितंबर को भी सुबह 11.15 बजे से लेकर दोपहर 3.30 बजे तक कांके पुंदाग, धुर्वा, रातु, बेड़ो, अरगोड़ा, आरएंड सेल, हाई कोर्ट फीडर बंद रहेगा। इससे संबंधित क्षेत्र में साढ़े तीन घंटे बिजली नहीं रहेगी। वहीं 28 सितंबर को सुबह 11ः00 बजे लेकर 4ः00 तक 33 केवी हटिया, तुपुदाना, हाजम फीडर बंद रहेगा।

ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ़ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल डीसी से मिला

संवाददाता

साहिबगंज । उपायुक्त महोदय से उनके चेंबर में अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में मिला। साहिबगंज शहर में जनता एवं व्यवसायियों को नागरिक सुविधा देने के संबंध में सात सूत्री मांग पत्र दिया तथा अपनी बातों को विस्तृत रूप से रखा। साहिबगंज अंग्रेजों द्वारा बसाया गया एक सुंदर शहर है जिसकी सड़कों एवं नालियों की व्यवस्था इतनी सुदृढ़ थी कि पूरे शहर का वेस्टेज पानी दो बड़े नालों से निर्बाध बहता था एवं कहीं भी जल जमाव नहीं होता था।अब अव्यवस्था के कारण जनता को बहुत ज्यादा असुविधा हो रही है। पर्व- त्योहारों का समय आ गया है आने वाले समय में दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ पूजा आदि का आयोजन शहर में होगा मेले में लोगों को काफी परेशानी होगी। इसके लिए पूर्व में दिनांक 6 अगस्त 2024 तथा 18 सितंबर 2023 को भी माननीय कार्यपालकपदाधिकारी, नगर परिषद, साहिबगंज को भी पत्र भेंट करके दिया गया था लेकिन किसी भी बिंदु पर कोई भी कार्य नहीं हो सका। साहिबगंज शहर की सड़कों की स्थिति बहुत ही दयनीय है सड़कों के बीचो-बीच बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं बारिश के समय इन गड्ढों में पानी भर जाता है, नालियां जाम होने के कारण बरसात का पानी निकलता नहीं है और सड़कों पर बरसात बंद होने के बाद भी कई दिनों तक पानी भरा रहता है जिससे लोगों का आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते लोग दुर्घटना का शिकार भी हो रहे हैं।लोगों के द्वारा घरों का मरम्मत करने के द्वारा जो वेस्ट निकलता है उसको इन गड्ढों को भरने की मंशा से इन गड्ढों में डाल देते हैं जिससे जब तेज धूप होने पर कीचड़ सुख जाता हैं तब सड़कों पर धूल ही धूल उड़ती है। पूरा वातावरण प्रदूषित रहता है। गोपाल पुल से लेकर शहर के जे0 एन0 राय रोड, नगर थाना, कॉलेज रोड आदि होते हुए कहीं भी जांच की जा सकती है।सभी जगह की स्थिति लगभग एक समान है। साहिबगंज शहर में जब भी सड़कों की मरम्मती की जाती तब पुरानी सड़कों के ऊपर ही सड़के बना दी जाती है जिससे सड़कें ऊंची होती जा रही है और लोगों के घर नीचे होते जा रहे हैं।इससे लोगों के घरों में जल जमाव की स्थिति बनी रहती है, साथ ही इसके चलते नालियों की सफाई में भी काफी दिक्कत आ रही है।शहर की सफाई व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है संपूर्ण शहर की हालत बिगड़ी हुई है दिन-रात धूल उड़ते रहती है नालियां भरी पड़ी है तथा नालियों का पानी जाम हो गया है जगह-जगह बदबू फैली हुई है। पहले सड़कों पर प्रतिदिन झाड़ू पड़ती थी और नालियां साफ होती थी लेकिन अब तो लगता है कि अधिकांश जगहों पर झाड़ू पड़ती ही नहीं हैं और नालियां तो बिल्कुल साफ ही नहीं होती है। पूर्व में शहर की नालियां ब्रश से साफ होती थी, कर्मचारियों के द्वारा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव होता था। शहर में एक भी मच्छर नहीं था। नगर परिषद में फॉगिंग मशीन होने के बाद भी शहर में फागिंग नहीं किया जाता है।पूरे शहर में गंदगी के कारण बीमारी का प्रकोप काफी पड़ गया है जिससे लोग बीमार हो रहे हैं और मलेरिया डेंगू आदि बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। शहर में कूड़ेदान की व्यवस्था भी दुरुस्त की जानी चाहिए।शहर में कूड़ेदान हाल में लगवाए गए थे लेकिन वह पर्याप्त नहीं थे। कुछ ही दिनों में उन कूड़ेदानों में से अधिकांश कूड़ेदान टूट गए। इधर-उधर बिखर बिखरे पड़े हैं कोई देखने वाला नहीं है। कूड़ेदान को लगवाने के साथ-साथ उनका रखरखाव पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। कूड़ा लेने के लिए नगर परिषद की गाड़ी आती है लेकिन इसकी व्यवस्था प्रतिदिन तथा व्यवस्थित ढंग से किए जाने की आवश्यकता है। शहर के व्यावसायिक स्थलों पर अतिरिक्त सफाई की व्यवस्था की जानी चाहिए। शहर में सफाई की व्यवस्था को पहले की तरह पुनः बहाल किया जाना चाहिए।

डीसी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं

साहिबगंज । जिला दंडाधिकारी -सह -उपायुक्त हेमंत सती ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता की समस्याओं से अवगत हुए। दूरदराज के गांव से 25 से अधिक लोगों ने आकर अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन के माध्यम से उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्या को रखी।इस दौरान उपायुक्त द्वारा विभिन्न प्रखण्डों से आए लोगों के शिकायतों को बारी-बारी से सुना ।आवेदन विशेष कर जमीन विवाद, जाति प्रमाण पत्र,अबुआ आवास, राशनकार्ड से संबंधित थी। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को शिकायतों के निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त श्री सती ने कहा की जिला प्रशासन जनता दरबार के माध्यम से दूरदराज के इलाकों से आए हुए ऐसे लोग जिन्हें सरकारी योजना से संबंधित किसी प्रकार की समस्या आ रही है, या वह किसी सरकारी लाभ से वंचित रहे हैं उनके समस्याओं के निष्पादन के लिए जिला प्रशासन सदैव तत्पर है। जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त महोदय ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया।

सांसद प्रतिनिधि ने कैंसर पीड़िता को किया सहयोग

साहिबगंज /बोरियो । प्रखण्ड अन्तर्गत बड़ा राक्सो ग्राम पंचायत का ढुढ़वा गाँव की कैंसर पीड़िता तालामय बेसरा पति बजल बेसरा को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि स्टीफन मुर्मू ने साहिबगंज से राँची रिम्स जाने के लिए वनांचल ट्रेन में तत्काल टिकट एवं आर्थिक सहयोग दिया। ताकि वो अच्छा से इलाज करा सके इसके लिए पीड़िता ने आभार जताया।

वर्षा जल जमाव के कारण सैकड़ों परिवार है परेशान,सुध लेने वाला कोई नहीं

साहिबगंज। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छोटी कोदरजन्ना में विगत तीन माह से वर्षा जल जमा होने के कारण सैकड़ों परिवार परेशान हैं। पीड़ित दर्जनों ग्रामीण ने बताया कि गांव के एक मनबढ़ू दबंग परिवार द्वारा ग्रामीण पीसीसी सड़क पर स्टोन डस्ट एवं कंक्रीट सीमेंट से बांध बना दिया है। जिससे सैकड़ो परिवार का जीना मुश्किल हो गया है। सभी पीड़ित ग्रामीणों के बच्चे विद्यालय नहीं जा पा रहे हैं। महिलाएं घर पर रहने को मजबूर है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी इतना गंदा हो गया कि पानी में कीड़े हो जाने के कारण गंभीर बीमारी का खतरा बना हुआ है। समस्या को लेकर पीड़ित ग्रामीणों द्वारा जिला के डीसी से लेकर सदर अंचल अधिकारी मुफस्सिल थाना प्रभारी को कई बार आवेदन दिया है लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं है।मामले में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहजहां काजू ने बताया कि गांव के ही एक परिवार द्वारा ग्रामीण पीसीसी सड़क पर बांध बना दिया है जिससे जल जमाव हो गया है। इस समस्या पर कुछ लोगों द्वारा बोले जाने पर गुरुवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें हाजी दस्तगीर आलम को गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों पक्ष द्वारा मुफस्सिल थाना में शिकायत दर्ज किया गया है।घायल दस्तगीर आलम को भागलपुर रेफर कर दिया गया है। श्री शाहजहां ने बताया कि अगर जनहित में इस समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वह अपने समर्थकों के साथ जल जमाव पर ही धरना प्रदर्शन करेंगे।मुफस्सिल थाना प्रभारी ने बताया की समस्या के समाधान के लिए दो बार प्रयास किया गया है।

भाजपा की सरकार बनी तो सीजीएल परीक्षा की होगी सीबीआई जांच : अमर बाउरी

रांची । जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में कथित गड़बड़ी के आरोप पर झारखंड में राजनीति तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा है कि हम जनता की अदालत में जा रहे हैं।यदि जनता का आशीर्वाद मिला और भाजपा की सरकार बनी तो पहली कैबिनेट बैठक में ही सीजीएल परीक्षा की जांच सीबीआई से कराने का फैसला लिया जाएगा और इस भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को सलाखों के भीतर भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि सीजीएल की परीक्षा में बड़े-बड़े दावे किए गए।इसके बावजूद सरकार ने नौकरी को बेचने का काम किया है।उन्होंने कहा कि जिस किसी ने भी इसका विरोध किया, उसको स्थानीय प्रशासन से मिल कर सरकार डराने-धमकाने का काम कर रही है। युवाओं के साथ भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ कर रही है।उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने इस सरकार को फ्रॉड कह कर संबोधित किया है।भाजपा ने हमेशा कहा है कि यह सरकार झूठ बोल कर सत्ता में आई है।सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा 2019, 2022, 2024 की परीक्षा के कई सारे प्रश्न को दोहराए गए हैं। उन्होंने कहा, आज झारखंड की बदनामी पूरे देश में हो रही है और पूरे देश के लोग झारखंड की काबिलियत पर प्रश्न उठा रहे हैं ।

सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के कारण छात्रों पर पड़ रहा पठन पाठन का असर

साहिबगंज /बोरियों । झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत सरकार लाख वादे कर ले लेकिन धरातल में सभी योजनाओं दम तोड़ देते है, प्रखंड के कई विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था मानों भगवान भरोसे है, आए दिन अखबारों में ख़बर प्रकाशित होने के वावजूद विभागीय कारवाई व व्यवस्था में सुधार नहीं होना कई सवालों का जन्म देता है, हमारी टीम की पड़ताल में शुक्रवार को प्रखंड के कई विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या कम है तो कही छात्रों की उपस्थिति कम है तो कही मिड डे मिल ही नहीं बनता है। प्राथमिक विद्यालय में बड़ा रक्सो में मिड डे मिल नहीं बनने के कारण उपस्थिति भी कम रहती है। पूछने पर प्रधानाध्यपक ने बताया रसोइया के बीमार होने के वजह से शुक्रवार को मिड डे मिल नहीं बन पाया है। वही उर्दू प्राथमिक विद्यालय में सैकड़ों छात्रों के लिए मात्र एक महिला शिक्षिका है। जिससे ब्लॉक व अन्य स्कूली कामों के लिए प्रखंड संसाधन केंद्र जाने पर विद्यालय रसोईया के भरोसे चलता हैं। उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोटा केन्दुआ में तीन शिक्षकों पर 178 छात्रों को शिक्षा देने की जिम्मेदारी है। प्रखंड क्षेत्र ऐसे दर्जनों विद्यालय है जहां एकल शिक्षक हैं। विद्यालय में शिक्षक की कमी के कारण बच्चों को असर पड़ रहा है। बच्चों को सही रूप से शिक्षा मिल नही पाती है।

बोरियो ईदगाह की नई कमिटी का गठन

साहिबगंज /बोरियो । मदरसा नुरुल हुदा के मैदान पर शुक्रवार को बोरियो ईदगाह कमिटी की बैठक की गई। जहां बैठक में सचिव गफ्फार अंसारी ने विगत 3 वर्षों का लेखा जोखा आवाम के सामने प्रस्तुत पूर्व साथ ही 3 वर्षों का कार्यकाल खत्म होने के साथ नई कमिटी गठन को लेकर विचार विमर्श करते हुए चुनावी प्रक्रिया को अपनाते हुए सभी मोहल्ले से एक-दो सदस्यों का चयन किया गया उसके बाद आपसी निर्णय पर नए ईदगाह कमिटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, सचिव रिजवान अंसारी, कोषाध्यक्ष शकील अहमद, उप सचिव मो. एजाज अंसारी, उपाध्यक्ष मौलाना सउद फ़ैज़ी को बनाया गया साथ ही कमिटी के सदस्य के रूप में गफ्फार अंसारी, मुख्तार अंसारी, मौलाना खुर्शीद आलम, मुमताज अंसारी, मुजफ्फर अंसारी, मंजूर आलम, अमजद अली, करीम अंसारी, मुश्ताक अंसारी के रूप में आवामी चयन किया गया। वही इमाम ए ईदगाह मौलाना हिफजुर्रहमान ने सभी नवगठित कमिटी को मुबारकबाद पेश किया। इस पर सरीफ अंसारी, इकरामूल अंसारी, मोजाहिद अंसारी, मुमताज़ अंसारी, अंसुर अंसारी, रियाजुल अंसारी, करीम अंसारी, जहांगीर अंसारी, नियाज़ अंसारी, मो जावेद, मुज्जफर अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

विजय हांसदा ने बाढ़ प्रभावित दियारा इलाकों का लिया जायजा

साहिबगंज। राजमहल सांसद विजय हांसदा ने शुक्रवार को झामुमो जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी, एमटी राजा, केंद्रीय समिति सदस्य प्रो नजरुल इस्लाम, प्रो मोज़म्मिल हक़ सहित अपर समाहर्ता गौतम भगत के साथ बोट के माध्यम से सदर प्रखंड के बाढ़ प्रभावित दियरा इलाकों का जायजा लिया। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्पष्ट निर्देश है कि बाढ़ पीड़ितों के बीच हर हाल में राहत सामाग्री का वितरण हो। इस दौरान सांसद ने कारगिल दियारा पहुंच वहां डियारावासियों से बाढ़ के हालात की जानकारी ली। वहीं कारगिल दियारा के 3 वार्डों के बाढ़ पीड़ितों के बीच सूखा राशन का वितरण किया। इसके उपरांत लालबथानी व अन्य दियारा इलाकों के लिए निकले ही थे कि खराब मौसम में घिर गए। जिसके चलते उन्हें वापस लौटना पड़ा। सांसद ने बताया कि मुख्यमंत्री की नजर बाढ़ के हालात पर है। राहत व बचाव के लिए सीएम चिंतित हैं उन्होंने जिला प्रशासन को पीड़ित नागरिकों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। प्रशासन भी बेहतर काम कर रही है। मौके पर सदर सीओ विजय कुमार, नईम अंसारी, राजू अंसारी, गोपाल यादव, आदित्य यादव, मो नुमान सहित अन्य मौजूद थे।

विधान सभा चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रखंड कमिटी ने की बैठक

साहिबगंज। शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला प्रखंड कमिटी की बैठक मनोज ओझा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में सुनील पासवान उपस्थित रहे।इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की गई साथ ही चुनाव को लेकर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी राय साझा किया।बैठक में मनोज ओझा,सुनील पासवान,पप्पू दास, ललन,बुनीलाल,फिरोज, पूनम किरण चौरसिया,केदार यादव एवम अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उद्यान विभाग द्वारा फलदार पौधे का वितरण

साहिबगंज । जिला उद्यान कार्यालय साहिबगंज द्वारा अभिसरण के माध्यम से सपाटू और बैर पौधा का वितरण वित्तीय वर्ष 2024 25 राज्य बागवानी मिशन योजना अंतर्गत जेएसएलपीएस, एग्री क्लीनिक, एफपीओ एवं जेटीडीएस द्वारा चयनीत कृषकों के बीच पौध वितरण किया जा रहा है। जिले के राजमहल बोरियो, बड़हरवा ,बरहेट तालझारी एवं उधवा में कुल 9 हैक्टेयर भूमि के लिए सपाटू और 10 हेक्टर भूमि के लिए बैर पौधा का वितरण किया जा रहा है। राजमहल में फलदार पौधे का वितरण राजमहल जिला परिषद सदस्य सुष्मिता देवी , राजमहल कस्बा पंचायत के उप मुखिया आनंदी मंडल जी द्वारा किया गया। मौके पर उद्यान विभाग से प्रेम पासवान, राजमहल जीएसएलपीएस से निमाई जी, नमिता दास ,वंदना देवी, बरहरवा उद्यान मित्र मंटू रजक, बागवान मित्र यहूले शेख बाबूजी सोरेन राजेंद्र शाह एवं प्रवाह एन जी ओ से शंकर महतो ,राजेश कुमार मंडल किसान, चंदा देवी, रविंद्र प्रसाद, जानकी देवी एवं अन्य किसान मौजूद थे।

संताल एक्सप्रेस के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

संताल एक्सप्रेस

वर्ष- 07 अंक - 08 दुमका | RNI NO. JHABIL/2018/76383 | www.santalexpress.com | 28 सितंबर 2024, शनिवार | मूल्य : 2 रुपये

iicc ISO 9001: 2015 CERTIFIED
A New Way of Career
27 ANNIVERSARY
N·S·D·C National Skill Development Corporation
Transforming the skill landscape
MASTER DEGREE / BACHELOR DEGREE / DIPLOMA for.....
FASHION DESIGN
INTERIOR DESIGN
UGC-NSDC, INSTITUTION
Reasons to join
Oldest and pioneer institutions of jharhand
Received more than 27 awards (national & state)
100% placement Assistance
Campus selection
Fashion Shows
Spoken English, P.D. Classes
Instruction in HINDI Also
Hostel Facilities
Triple Degree & Certificate
100% scholarship for sc/st students for E-kalyan
MOB- 9934611000,06512999991
WEB- www.iicc.org.in
Kataruka House, Beside Hotel Sartaj, Main Road, Ranchi - 834001

जमानत की शर्तों को जेल में रखने का टूल ना बनाएं ईडी : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली । देश शीर्षस्थ न्यायालय एक मामले की सुनवाई करते हुए ईडी को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा है कि जमानत देने की सख्त शर्तों को लागू करके किसी को लंबे समय तक जेल में रखना उचित नहीं है। पीएमएलए, यूएपीए और एनडीपीएस ऐक्ट के मामलों में जल्द से जल्द निपटारा करने की जरूरत है। सुनवाई में देरी और जमानत देने में सख्त नियमों को लागू करके आरोपी को जेल में ही कैद रखना ठीक नहीं है। तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज की बेंच ने कहा कि कार्यपालिका को भी उन कानूनों पर ध्यान देना चाहिए जिनमें आरोपी पर ही खुद को निर्दोष साबित करने की जिम्मेदारी होती है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला 2022-2016 के दौरान का है जब सेंथिल बालाजी

परिवहन मंत्री हुआ करते थे। व 15 महीने से जेल में हैं और फिलहाल निकट भविष्य में इस मामले का हल निकलता दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसे में उन्हें जमानत दी जा रही है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में 2 हजार आरोपी और 500 गवाह हैं। ऐसे में मामले की सुनवाई और फैसले में ज्यादा वक्त लगने की संभावना है। कोर्ट ने कहा कि अब तक के साक्ष्यों को देखें तो सेंथिल बालाजी के खिलाफ ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे पता चले कि उनके बैंक अकाउंट में 1.34 करोड़ रुपये जमा किए गए। यह भी नहीं कहा जा सकता कि याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई केस नहीं बनता। वहीं ईडी को जमानत के सख्त प्रावधान धारा 45 (1) (ढ्ढ) को इस्तेमाल करने की अनुमति भी नहीं दी जा सकती क्योंकि आरोपी लंबे समय से हिरात में हैं। वहीं बेंच ने कहा कि बालाजी को हर सोमवार और शुक्रवार को ईडी के पास हाजिरी देनी होगी। वहीं मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुनवाई के दौरान उन्हें कोर्ट में भी हाजिर रहना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, मंत्री रहते हुए बालाजी पर आरोप लगे थे। वहीं न्याय व्यवस्था में जमानत एक नियम है और जेल अपवाद है।

मुख्यमंत्री ने 527 चयनित अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

नियुक्तियों के साथ पोस्टिंग में बरती जा रही पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता : हेमंत

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज का दिन आपके और आपके परिवार के लिए जितना खुशी और उत्साह का है, उतना ही हमारे लिए भी है। आप सभी सरकार के अभिन्न अंग के रूप में जुड़ रहे हैं। इसे सिर्फ एक नौकरी ना समझें, बल्कि आपको सामाजिक दायित्व निभाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप अपनी क्षमता और दक्षता का इस्तेमाल राज्य के विकास के पहिए को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। सोरेन शुक्रवार को डोरंडा स्थित जैप- 1 के शौर्य सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के जरिये आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में नव चयनित 527 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी । मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जब अलग राज्य बना तो कैडर विभाजन

का मामला सामने आया। कई विभागों में वर्षों तक अधिकारियों और कर्मियों का कैडर विभाजन नहीं हो सका। ऐसी स्थिति में वर्षों तक टेंपरेरी व्यवस्था के तहत काम किसी तरह चलता रहा। कुछ पदों पर नियुक्तियां हुई तो उसे लेकर भी काफी उलझने आयीं। ऐसे में नियुक्तियों के नहीं होने का खामियाजा इस राज्य और यहां के नौजवानों को भुगतना पड़ा। हेमंत ने कहा कि हमारी सरकार जब बनी तो शुरुवाती दो वर्षों तक कोरोना की वजह से सारी व्यवस्थाएं अव्यवस्थित हो गई। थी। इससे निजात पाने के बाद जब हमने विभागों की समीक्षा बैठक शुरू की तो पता चला कि बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों में पद रिक्त हैं। जब इसकी जानकारी प्राप्त की तो पता चला की विभिन्न विभागों के विभिन्न संवर्गों के लिए अबतक नियुक्ति नियमावली ही नहीं बनी है। ऐसे में हमारी सरकार ने तेज गति से सभी विभागों के सभी संवर्गों के लिए नियुक्ति नियमावली का गठन बहलियों का सिलसिला शुरू किया। अबतक विभिन्न विभागों में रिक्त हजारों पदों पर नियुक्तियां हो चुकी है और कई पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है।

संक्षिप्त खबरें

जेएसएससी की जांच कमेटी गठित, एक सप्ताह में सौंपेगी रिपोर्ट

रांची । झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने छात्रों के हंगामे के बीच दो सदस्यीय जांच कमेटी का गठन कर दिया है। कमेटी परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ी की शिकायतों की जांच करेगी। कमेटी की अध्यक्षता जेएसएससी के सचिव सुधीर कुमार गुप्ता करेंगे। कमेटी में दो सदस्य बनाए गए हैं। आयोग की संयुक्त सचिव मधुमिता कुमारी और उप-सचिव सह परीक्षा नियंत्रक अरविंद कुमार लाल को कमेटी का सदस्य बनाया गया है। कमेटी एक सप्ताह के अंदर जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी।

गिरिराज सिंह को पाकिस्तान से आया जान से मारने की धमकी भरा कॉल

पटना । केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को जान से मारने की धमकी मिली है। गिरिराज के प्रतिनिधि रहे अमरेंद्र कुमार अमर के मोबाइल पर

शुक्रवार को आई कॉल पर यह धमकी दी गयी है। इसे लेकर बेगूसराय में लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी है। अमरेंद्र कुमार अमर ने शिकायती आवेदन में कहा है कि उनको पाकिस्तान के नंबर से कॉल करके गिरिराज सिंह को जान से मारने की धमकी दी गई है। यह कॉल उनके मोबाइल पर शुक्रवार पूर्वाह्न 11:28 बजे आया।

पंजाब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

चंडीगढ़ । पंजाब पंचायत चुनाव से पहले बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। सुनील जाखड़ ने पंजाब बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है। बीते काफी दिनों से वे पार्टी से दूरी बनाए हुए थे। सूत्रों के मुताबिक, रवनीत सिंह बिट्टू को केंद्र में मंत्री बनाए जाने से भी वे पार्टी से नाखुश थे। उन्हें लग रहा था कि वे काफी सीनियर हैं, इसके बाबजूद उनकी उपेक्षा कर बिट्टू को मंत्री बना दिया गया। बताया जा रहा है कि वे पार्टी से नाराज चल रहे थे। यही कारण है कि वे गुरुवार को पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर रखी बैठक में भी शामिल नहीं हुए।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला...झारखंड सीएम के पूर्व सचिव पर एफआईआर

आईएएस विनय और संयुक्त-आयुक्त पर केस दर्ज

संवाददाता

रायपुर । छत्तीसगढ़ आबकारी घोटाला केस में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के पूर्व सचिव आईएएस विनय कुमार चौबे और आबकारी संयुक्त रहे गजेंद्र सिंह पर एफआईआर दर्ज की गई है। रायपुर की ईओडब्ल्यू और एसीबी ने धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र रचने की धाराओं में नया केस दर्ज किया है। दोनों पर भ्रष्टाचार और सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है।

मामले में आने वाले दिनों में कई गिरफ्तारियां होने की संभावना है। एफआईआर दर्ज होने के बाद झारखंड में सियासी बवाल शुरू हो चुका है। झारखंड के पूर्व सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार फिर घोटाले की तैयारी में है।

ईडी भी कर चुकी है पूछताछ

झारखंड के जिन अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इनसे ईडी ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में भी पूछताछ की थी। ताजा एफआईआर में झारखंड आईएएस विनय कुमार चौबे, उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, छत्तीसगढ़ के रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा के अलावा झारखंड में शराब आपूर्ति, मैनपावर और होलोग्राम बनाने वाली कंपनियों को भी आरोपी बनाया गया है। यह एफआईआर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018, धारा 420, 120 बी के तहत दर्ज की गई है।

झारखंड में रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा के लिए है परिवर्तन यात्रा : शिवराज सिंह

संवाददाता

लातेहार । केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को झारखंड के लातेहार जिले में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। जिले के महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय में आयोजित परिवर्तन यात्रा में संबोधित करते हुए उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में वर्तमान सरकार नो सिर्फ लूट मचाई है। यहां रोटी, बेटी और माटी के अस्तित्व पर सवाल खड़ा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी का परिवर्तन यात्रा रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा के लिए ही है।

शिवराज ने कहा कि वर्तमान में झारखंड की सरकार वोट बैंक बढ़ाने के लिए घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही है। यहां के मंत्री विधायक के घर से नोटों के बंडल मिल रहे हैं। जनता त्राहिमाम कर रही है। ऐसे भ्रष्ट और जन विरोधी सरकार को सत्ता से हटाकर झारखंड राज्य में बेहतर शासन व्यवस्था देने के लिए भाजपा संकल्पित है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में खनिज संपदा की भरमार है लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार सिर्फ अपना स्वार्थ साधने में लगी है। पूर्ववर्ती भाजपा की सरकार ने यहां के किसानों के लिए जो योजनाएं बनाई थी, उन योजनाओं को भी वर्तमान सरकार ने बंद कर दी।

शिवराज ने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी और यहां के किसानों को पूर्व की भांति प्रति एकड़ 5 हजार रुपये सहायता राशि राज्य सरकार

की ओर से दी जाएगी। इसके अलावा सरकार बनते ही राज्य में खाली पड़े 2 लाख से अधिक सरकारी पदों को तत्काल भरा जाएगा। झारखंड की प्रत्येक महिला के खाते में सम्मानजनक राशि उपलब्ध कराई जाएगी। लातेहार जिले के गारू प्रखंड के कोटाम में विकास भारती संस्था के जनजाति किसान सम्मेलन में भी केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार किसानों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लेकर आई है। झारखंड में भाजपा की सरकार बनने के बाद किसानों को उनके फसलों का उचित मूल्य भी मिल पाएगा।

ईडी की चार्जशीट में खुलासा.....

घोटाले के मुख्य किनपिंन लालू यादव, खुद तय करते थे जमीन का लेनदेन

एजेंसी

नई दिल्ली । जमीन के बदले नौकरी मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो और पूर्व सीएम लालू यादव की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही ईडी ने चार्जशीट दाखिल की है। आरोप पत्र में लालू यादव को मुख्य साजिशकर्ता बताया गया है। दावा है कि रेलवे में नौकरी और उसके बदले जमीन का लेनदेन खुद लालू यादव ही तय करते थे। चार्जशीट में ईडी ने दावा किया है कि तत्कालीन रेल मंत्री लालू और उनके परिवार ने रेलवे में नौकरी देने के नामपर लोगों से रि?वत के तौर पर प्?लॉट लिए थे।

ईडी की चार्जशीट में आरोप है कि अपराध से अर्जित जमीन पर लालू परिवार का कब्जा है। लालू यादव ने घोटाले की साजिश इस तरह से रची कि अपराध से अर्जित ज़मीन पर कंट्रोल उनके परिवार का रहे, लेकिन जमीन सीधे लालू परिवार से लिंक न

हो पाए। चार्जशीट के मुताबिक, अपराध से अर्जित आय को खपाने के लिए कई शैल कंपनियां खोली गई थीं और जमीनें उनके नाम पर करवा दी गई। इस पूरे मामले में लालू का साथ परिवार और उनके करीबी अमित कात्याल दे रहे थे।

ईडी ने दावा किया कि भोला यादव ने पीएमएलए की धारा 50 के तहत दिए अपने बयान में स्वीकार किया है कि वह तत्कालीन रेल मंत्री लालू के ओएसडी थे। इसके अलावा भोला ने कहा कि गिफ्ट डीड लालू यादव के पटना आवास (10, सर्कुलर रोड, पटना) पर हुई थी।

हाईकोर्ट में पंकज मिश्रा की जमानत पर सुनवाई 18 को

संवाददाता

रांची । साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपति अर्जित करने के आरोपित पंकज मिश्रा ने झारखंड हाई कोर्ट का रूख किया है। पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने ट्रायल कोर्ट से यह जानकारी मांगी है कि ट्रायल की क्या स्थिति है। अब इस मामले पर हाई कोर्ट 18 अक्टूबर को सुनवाई करेगा।

पूजा सिंघल की जमानत याचिका खारिज

रांची । धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने मनरेगा घोटाले मामले में निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका को खारिज कर दी है। इससे पहले कोर्ट ने सभी पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। इनमें पूजा सिंघल के अलावा उनके पति अभिषेक झा, सीए सुमन सिंह, खूंटी जिला परिषद के तत्कालीन कनीय अभियंता राम विनोद सिन्हा, तत्कालीन सहायक अभियंता राजेंद्र जैन, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता जय किशोर , खूंटी विशेष प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शामिल हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल के नोडल ऑफिसर को हटाने का दिया आदेश

संवाददाता

साहिबगंज । समाचार पत्रो के माध्यम से जानकारी आ रही है कि डीडीसी को सदर अस्पताल साहेबगंज के नोडल पदाधिकारी को हटाने का आदेश स्वास्थ्य मंत्री ने दिया। जो बेहद निंदनीय है । स्वास्थ्य मंत्री के निर्णय से डॉक्टरो का मनोबल और बढेगा वे अपनी मनमानी करेगे, क्या समान्य जनमानस ईलाज के हल अभाव मे युही मरते रहेगे और अगर डॉक्टरो पर कार्यवाही होगी तो वोलोग आंदोलन के आड़ मे अपनी मनमानी करते रहेगे। जिला प्रशासन ने गोमदी पहाडियां मौत मामले मे जो कार्यवाही कि उसके बाद सरकार के मंत्री जनहित के समर्थन के बजाय आरोपी

डॉक्टरो के साथ खडे हो गए ये निर्नय बिलकुल गलत है। मु यमंत्री एकतरफ दोषियों पर कार्यवाही कि बात करने का निर्देश डीसी को देते है जब डीसी कार्यवाही करते है। तो उनके सरकार के ही मंत्री मुख्यमंत्री के फैसले को बदल देने का आदेश जारी करते है।

पांच लाख राशन कार्ड धारी की बढ़ेगी संख्या, डीलर के कमीशन में होगा इजाफा

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की बैठक शुक्रवार को संपन्न हो गई।बैठक में कुल 49 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। राज्य मंत्री परिषद के फैसले के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन लेने वाले लाभुकों की संख्या 20 लाख से बढ़ा कर 25 लाख की गई, इसके साथ ही डीलर का कमीशन 100 रूपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर डेढ़ सौ रुपया कर दिया गया।राज्य के विभिन्न स्तर के पदाधिकारियों कार्यालाओं के सरकारी वाहन की अनुमान्यता,झारखंड राज्य युवा आयोग प्रक्रिया एवं संचालन अधिनियम 2024 की स्वीकृति,15 वर्ष का कार्य अवधि पूरी कर चुकी सरकारी वाहनों को स्क्रैप किया जाएगा,राजकीय पॉलिटेक्निक साहिबगंज के नए भवन के निर्माण और जीर्णोधार के लिए 45 करोड़ की स्वीकृति,नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालयों में जेनरेटर सेट व कंप्यूटर शिक्षा संचालन की स्वीकृति और सिल्ली में बनेगा डिग्री महाविद्यालय, 59.69 लाख की मिली स्वीकृति समेत कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर कैबिनेट ने अपनी मुहर लगा दी है।

कैबिनेट का फैसला

दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के दौरान चलाई जाएंगी 6000 से अधिक स्पेशल ट्रेनें

हाजीपुर (एजेंसी)। दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 6000 से अधिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। रेलवे अधिकारी के मुताबिक् हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है। गौरतलब है कि दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। यात्रियों की भारी भीड़ को सुगम एवं आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी विशेष ट्रेनों का संचालन करने की तैयारी की गई है। दो महीने की अवधि के दौरान ये स्पेशल ट्रेनें 6000 से अधिक फेरे लगाएंगी और बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी।

भाजपा के निशाने पर रहेगी कांग्रेस के कब्जे वाली संताल की सभी 5 सीटें

सुमन सिंह

दुमका । विधान सभा चुनाव को लेकर भाजपा और झामुमो रेस है।जबकि कांग्रेस अभी तक कोई बड़ा कार्यक्रम लेकर जनता के बीच नहीं पहुंची है।इंडी गठबंधन को दोबारा सत्ता में आने के लिए झामुमो के साथ उसके सहयोगी दलों कांग्रेस और राजद को मजबूत रहना भी जरूरी है। वर्तमान में इंडी गठबंधन अगर संताल परगना में भाजपा के मुकाबले में मजबूत स्थिति में है तो इसमें कांग्रेस का भी अहम योगदान है।संताल परगना की 18 विधानसभा सीटों में जहां 9 सीटों पर झामुमो का कब्जा है,वहीं पोड़ैयाहाट से प्रदीप यादव सहित 5 सीटों पर कांग्रेस के विधायक जीते हैं।संताल परगना में भाजपा मात्र 4 सीटों के साथ तीसरे नम्बर पर है।पर विधान सभा चुनाव 2024 का भी परिणाम यही रहेगा,यह जरूरी नहीं है।भाजपा संताल परगना की सभी 18 सीटों में एसटी सुरक्षित कुछ सीटों को छोड़ कर इंडी गठबंधन को कड़ी टक्कर देने की स्थिति में है।यहां एसटी सुरक्षित सीटों पर झामुमो की मजबूत स्थिति का अंदाजा इसी तथ्य से लगा सकते हैं कि सभी 7 एसटी सुरक्षित सीटों पर झामुमो का कब्जा है।2024 कि विधानसभा चुनाव में भी एसटी सीटों पर झामुमो और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है।आज भी एसटी सीटों

संताल परगना में कांग्रेस की 5 सीटें

1.जरमुंडी-बादल
2.जामताड़ा-डॉ इरफान अंसारी
3.पाकुड़-आलमगीर आलम
4.पोड़ैयाहाट-प्रदीप यादव
5.महागामा-दीपिका पांडेय सिंह

पर झामुमो को चुनौती देने में भाजपा को कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी।दूसरी ओर संताल परगना की जो 5 सीटें हैं ,वे सभी सामान्य सीटें है।इनमें आलमगीर आलम की पाकुड़ और डॉ इरफान अंसारी की जामताड़ा,कांग्रेस की दो ही ऐसी सीटें है जिन पर कांग्रेस को चुनौती देना भाजपा के लिए आसान नहीं है।प्रदीप यादव के कारण कांग्रेस की पोड़ैयाहाट सीट मजबूत है पर प्रदीप यादव को विधानसभा में जाने से रोकने के लिए भाजपा एक साथ कई रणनीति पर काम कर रही है।बादल की जरमुंडी सीट और दीपिका पांडेय सिंह की महागामा विधान सभा क्षेत्र में भी कांग्रेस की मजबूत घेराबंदी करने में भाजपा जुटी हुई है।भाजपा के रणनीतिकार हर हाल में कोल्हान की तरह संताल परगना में अपनी सीटें बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।भाजपा के चुनावी रणनीतिकार यह समझ रहे हैं कि संताल परगना में आदिवासी सुरक्षित सीटों को झामुमो से छिनना बहुत आसान नहीं रह गया है।ऐसी हालत में भाजपा आदिवासी सुरक्षित सीटों के बजाए कांग्रेस के कब्जे वाली सामान्य सीटों को जीतने पर अधिक फोकस करेगी।

आलमगीर आलम जेल में हैं, बादल को मंत्री पद से हाथ धोना पड़ा था

दुमका। पाकुड़ कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा है।यहां से पार्टी के दिग्गज नेता आलमगीर आलम विधायक हैं जो टेंडर कमीशन घोटाला मामले में जेल में हैं।चुनाव में आलमगीर आलम कांग्रेस से प्रत्याशी होंगे,यह अभी तय नहीं है।जरमुंडी से कांग्रेस के विधायक बादल हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री थे।कुछ माह पूर्व उन्हें पार्टी की अंदरूनी राजनीति की वजह से मंत्री पद से हाथ धोना पड़ा था।लोकसभा चुनाव में जरमुंडी में कांग्रेस का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा था।विधान सभा चुनाव में बादल कितना डैमेज कंट्रोल कर पाते हैं,यह आने वाला चुनाव परिणाम से पता चलेगा।

धनबाद में दिनदहाड़े पांच लाख रुपये की छिनैती

संवाददाता

धनबाद । बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार को धनबाद में दिनदहाड़े बीच सड़क पर एक बड़ी लूट की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान अपराधियों ने पांच लाख नकदी समेत अन्य सामान छीनकर फरार हो गए। फिलहाल, पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे अपराधियों की पहचान कर रही है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि धनबाद सदर थाना क्षेत्र स्थित सिटी सेंटर के समीप स्थित आईसीआईसीआई बैंक से 5 लाख रुपये नकद निकालकर पीड़ित विनय कुमार बर्मन जो पेशे से एक कॉन्ट्रेक्टर है सड़क पर पहुंचे ही थे कि पहले से घात लगाए बाइक सवार दो अपराधी उनका रुपये से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। पीड़ित ने कहा कि उनके पास लैपटॉप था और उसी बैग में उन्होंने बैंक से निकाले गए 5 लाख नकदी और चेक बुक रखा था। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे डीएसपी (लॉ एंड ऑर्डर) दीपक कुमार ने बताया कि इस स्थान पर पहले भी अज्ञात बदमाशों ने इस तरह की घटना को अंजाम दिया था। फिलहाल, यहां आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द ही उन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सामाजिक जीवन में भय और अराजकता पैदा करने का नया षड्यंत्र

- रमेश शर्मा

भारतीय समाज जीवन में भय और आतंक पैदा करने के तरीकों में अब राष्ट्रद्रोही तत्वों ने रेल गाड़ियों और रेल पटरियों को निशाने पर लिया है। कहीं रेल पटरियाँ उखाड़ी गईं, कहीं पटरियों पर डेटोनेटर रखे गये, कहीं गैस सिलेंडर और कहीं पत्थर रखकर रेलमार्ग अवरुद्ध किया गया। इसके साथ अब रात के अंधेरे में सवारी गाड़ियों पर पथराव किया गया। ये घटनाएँ देशभर में घट रही हैं। वैश्विक विषमताओं के बीच भारत की विकास यात्रा निरंतर है। वह विश्व की पाँचवीं अर्थ शक्ति बना और अब तीसरे क्रम पर आने की आशा बँधी है। भारत की यह प्रगति बहुआयामी है आर्थिक, सामरिक और तकनीकि प्रगति के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साख भी बढ़ी है जिसकी झलक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विभिन्न विदेश यात्राओं में देखी जा रही है। भारत की यह प्रगति और प्रतिष्ठा देश विरोधी तत्वों और षड्यंत्रकारियों को पच नहीं रही। वे भारतीय समाज जीवन में तनाव और भय का वातावरण बनाकर विकास की गति अवरुद्ध करने के नये-नये तरीके खोज रहे हैं। कभी धार्मिक यात्राओं पर पथराव होता है तो कभी अपराधी पर की जाने वाली कानूनी कार्रवाई को साम्प्रदायिक रंग देकर समाज को भड़काने का प्रयास होता है। ताकि भारतीय समाज आंतरिक तनाव में उलझे और विकास यात्रा की गति धीमी हो। इसी कुत्सित मानसिकता के अंतर्गत अब भारतीय रेलों को निशाने पर लिया जाने लगा है। जिससे समाज में भय और तनाव का वातावरण बने। भारतीय रेल दुनियाँ की सबसे बड़ी रेल यातायात व्यवस्था है। अनुमान के मुताबिक लगभग डेढ़ करोड़ लोग प्रतिदिन रेलयात्रा करते हैं। भारतीय रेलें सामान ढुलाई का भी बड़ा माध्यम हैं। षड्यंत्रकारियों ने इन दोनों प्रकार की रेल गाड़ियों को निशाना बनाने का षड्यंत्र रचा है। पिछले छह महीनों में तीस से अधिक छोटी-बड़ी रेल दुर्घटनाएँ घटीं हैं, इनमें से कुछ को चालक की सावधानी से बचा लिया गया है लेकिन कुछ न बच सकीं लेकिन इनमें रेलवे स्टॉफ की सावधानी से उतना नुकसान नहीं हुआ जितना गहरा षड्यंत्र रचा गया था। 16 घटनाओं में सीधे-सीधे आतंकवादी षड्यंत्र के संकेत मिले हैं। रेल दुर्घटनाओं का यह षड्यंत्र कुल तीन प्रकार का हुआ। मार्च से अगस्त तक घटी घटनाओं में रेल पटरियों को उखाड़ कर रेल दुर्घटनाओं का षड्यंत्र हुआ। ये घटनाएँ असम, बंगाल, झारखंड, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों में घटीं थीं। इनमें कुछ घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज भी मिले। इसके आधार पर तीन घटनाओं में गिरफ्तारियाँ भी हुईं। ऐसी एक घटना में गिरफ्तार किया गया एक संदिग्ध व्यक्ति कैमरे में फिशप्लेट ढीली करता दिख रहा था। जाँच में उसकी गतिविधियाँ संदिग्ध हैं। वह कई कई दिनों तक घर से गायब रहा। आशंका है कि उसके तार सीमापार से जुड़े हैं, अनुमान किया जा रहा है कि वह कहीं ट्रेनिंग लेने गया होगा। लेकिन वह मानसिक रोगी होने की एक्टिंग कर रहा है। ऐसा अक्सर होता है। राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के अनेक आरोपित ऐसी ही एक्टिंग करने लगते हैं। लेकिन इसके अगस्त के अंतिम सप्ताह से सितम्बर माह में घटने वाली घटनाएँ अधिक सनसनीखेज हैं। ये घटनाएँ उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और पंजाब में घटीं हैं। इनमें तीन घटनाएँ तो अकेले कानपुर नगर की हैं। इनमें रेलवे लाइन पर कहीं डेटोनेटर रखा गया, कहीं गैस सिलेंडर, कहीं पत्थर के बोल्डर डाले गये तो कहीं लकड़ी गठ्ठर रखकर रेलवे को दुर्घटनाग्रस्त करने का षड्यंत्र रचा गया है। ऐसी कुल 13 घटनाएँ घटीं। कानपुर के अतिरिक्त जिन नगरों में यह षड्यंत्र हुआ उनमें अजमेर, भटिन्डा, रामपुर और बुरहानपुर आदि हैं। इन सभी घटनाओं को बहुत सावधानी से किया गया है। पहले तरह की घटनाओं में कुछ लोग सीसीटीवी कैमरे में आ गये थे। इसलिये इस बार षड्यंत्र के लिये ऐसे स्थल चुने गये जो कैमरे की पहुँच से बाहर हों। ये सभी घटनाएँ बड़े स्टेशन के समीप घटीं। इन सभी घटनाओं में स्थानीय सामग्री और स्थानीय शरारती तत्वों की भागीदारी हुई। यदि कोई बाहरी सामग्री उपयोग की जाती तो षड्यंत्र के सूत्र मिल सकते थे। इन घटनाओं में समानता है और जो सावधानी बरती गई है, उससे यह किसी गहरे षड्यंत्र का हिस्सा हैं और इन सबका योजनाकार कोई एक ही है । रेल पटरी उखाड़ने के षड्यंत्र रेल पटरी उखाड़ कर रेल को दुर्घटनाग्रस्त करने के कुल 12 स्थानों पर षड्यंत्र हुये थे इनमें चालक की सावधानी से सात दुर्घटनाएँ बचा लीं गईं। कुछ घटनाएँ मामूली नुकसान तक सीमित रहीं लेकिन तीन घटनाओं में तीन यात्रियों की मौत हुई। पटरी पर डेटोनेटर, सिलेण्डर सरिये, खंभे

रेलों को निशाना बनाने वालों ने अगस्त के अंतिम सप्ताह से अपनी रणनीति बदली। पहले पटरी उखाड़ कर रेलों को दुर्घटनाग्रस्त का षड्यंत्र हुआ। इसके बाद रेल पटरी पर खतरनाक सामान रखने कर रेल पलटाने का कुचक्र रचा गया है। इसमें सबसे गंभीर घटना मध्यप्रदेश के बुरहानपुर के समीप घटी। बुरहानपुर में एक ऐसी ट्रेन को निशाना बनाने का प्रयास हुआ जिसमें सेना के जवान यात्रा कर रहे थे। ये घटना 18 सितंबर की थी। यह ट्रेन तिरुवनंतपुरम जा रही थी। इसमें आर्मी के अफसर, कर्मचारी और हथियार भी थे। इस ट्रेन की पटरी पर सागफाटा के पास 10 डेटोनेटर रखे गये थे लेकिन इसकी सूचना समय पर मिल गई। सूचना मिलते ही ट्रेन को सागफाटा में रोक दिया गया और एक भयानक दुर्घटना टल गई। कानपुर रेल मंडल इन उपद्रवियों के निशाने पर सबसे अधिक रहा।

अगस्त के अंतिम सप्ताह से सितंबर तक उत्तर प्रदेश में पाँचवां षड्यंत्र हुये और कानपुर में तीन। कानपुर के समीप पिछले सप्ताह प्रेमपुर स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पर खाली सिलेंडर रखा मिला। प्रयागराज के लिये मालगाड़ी निकलने वाली थी। पूर्व सूचना मिल जाने से दुर्घटना बच गई। यह पाँच किलो वाला खाली सिलेंडर था। इससे पहले 8 सितंबर को कानपुर में ही रेलवे ट्रैक पर 8 किलो वाला भरा सिलेंडर रखा गया था। तब कालिंदी एक्सप्रेस को डिरेल करने की साजिश रची गई थी। लेकिन समय पर सूचना मिली और दुर्घटना टल गई।आठ सितम्बर की इस घटना में सिलेंडर रेल के पहिये से टकराया भी लेकिन गाड़ी की धीमी गति थी इसलिए टकरा कर दूर चला गया और कोई बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। यहाँ पुलिस को पेट्रोल से भरी बोतल और माचिस भी मिली। उत्तर प्रदेश के रामपुर स्टेशन के समीप खंबा रखकर नैनी जन शताब्दी एक्सप्रेस को निशाना बनाने का प्रयास हुआ। यह लोहे का खंबा छह मीटर लंबा था। यहाँ दो संदिग्ध लोगों को बंदी बनाया गया।

पंजाब के भटिन्डा रेलवे लाइन पर लोहे के नौ सरिये रखे मिले। यह रात तीन बजे की घटना है। यहाँ से मालगाड़ी निकलने वाली थी लेकिन मालगाड़ी को सिग्नल नहीं मिला इसलिये रुक गई और दुर्घटना टल गई। इधर, मुजफ्फरपुर-पुणे स्पेशल एक्सप्रेस के छह पहिये पटरी से उतर गये। रेलवे सुरक्षा टीम जांच कर रही है। माना जा रहा है कि पटरी पर कुछ रखा होगा जिससे ये पटरी से उतरे। रात के अंधेरे में पथराव की घटनाएँ पहले पटरी उखाड़ने, फिर पटरी पर खतरनाक सामग्री रखकर दुर्घटना कराने का षड्यंत्र हुये। अब रात के अंधेरे में यात्री गाड़ियों पर पथराव होने लगे हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाबोधि एक्सप्रेस पर पथराव हुआ। यह नई दिल्ली से बिहार के गया जा रही थी। पथराव में कई यात्री घायल हुये। इसी तरह छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में 'ट्रायल रन' के दौरान दुर्ग-विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव हुआ। असामाजिक तत्त्वों ने एसी बोगियों को निशाना बनाया जिससे तीन बोगियों के शीशे टूट गये। कुछ पत्थर अंदर भी गिरे और कुछ यात्रियों को चोट लगी। यह घटना 13 सितम्बर को रात नौ बजे की है। रेलवे सुरक्षा बल ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है ।

उत्तर में आगरा रेलमंडल के अंतर्गत मनिया स्टेशन के समीप एक बार फिर वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव हुआ है। यह ट्रेन भोपाल से दिल्ली जा रही थी। यह पथराव रात ग्यारह बजे हुआ इससे ट्रेन की कई बोगियों के शीशे टूट गए। इस पथराव से किसी के घायल होने की खबर नहीं है ।

रेलवे सुरक्षा प्रबंध पर विचार

वर्तमान रेलवे सुरक्षा अधिनियम 1989 की धारा 151 के अंतर्गत षड्यंत्र प्रमाणित होने पर अधिकतम दस वर्ष की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। ताजा घटनाओं के बाद भारत सरकार इस कानून को कड़ा बनाने पर विचार कर रही है। रेलमंत्री ने संकेत दिया है कि इस अधिनियम में उप धारा जोड़कर इसे देशद्रोह की श्रेणी में लाने पर विचार हो रहा है। षड्यंत्र के चलते होने वाली रेल दुर्घटनाओं में किसी की मृत्यु होने पर देशद्रोह की धारा के साथ सामूहिक हत्या का षड्यंत्र करने की धारायें जोड़ने और आजीवन कारावास अथवा मृत्युदंड का प्रावधान करने पर विचार किया जा रहा है। नये प्रावधानों में धरना-प्रदर्शन करके रेलमार्ग अवरुद्ध करने पर भी दंड का प्रावधान किये जाने की संभावना है। सरकार के नियम जब भी बने लेकिन जिस प्रकार पूरे देश में रेलयात्रा को बाधित करके षड्यंत्र किये जा रहे हैं, इसके प्रति सरकार और सरकार के सुरक्षा प्रबंधों के साथ समाज का जागरूक होना भी जरूरी है ।

सुसाइड कैप्सूलः आत्महत्या या इच्छा मृत्यु की वैधानिक सुविधा

हाल ही में स्विट्जरलैंड में सुसाइड कैप्सूल के माध्यम से आत्महत्या ने पूरी दुनिया में एक गहरा विवाद खड़ा कर दिया है। इस कैप्सूल का निर्माण नीदरलैंड्स की कंपनी ने किया है। यह केप्सूल स्विट्जरलैंड के मरियानेज की बुडलेरी स्ट्रीट के पास स्थित है। एक 64 वर्षीय अमेरिकी महिला की इच्छा मृत्यु ने इस आत्महत्या और कैप्सूल को चर्चाओं में ला दिया है। क्या ऐसे उपकरणों का उपयोग मानवीय मूल्यों और नैतिकता के अनुकूल है। सुसाइड कैप्सूल एक उन्नत तकनीकी उपकरण है। जिसमें इच्छामृत्यु की इच्छा करने वाला व्यक्ति स्वेच्छा से कैप्सूल के भीतर बैठ जाता है। दरवाजा बंद कर एक बटन दबाते ही कुछ मिनटों के भीतर कैप्सूल में नाइट्रोजन गैस फैल जाती है। जिससे व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इस तरह से मृत्यु ?बिना किसी दर्द या पीड़ा के होती है। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है। जो जल्द और शांतिपूर्ण ढंग से जीवन को समाप्त कर देता है। अमेरिकी मे महिला की मृत्यु के बाद स्विट्जरलैंड की पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस का दावा है, कंपनी के कुछ अधिकारियों और सेवा से जुड़े व्यक्तियों ने महिला को शांतिपूर्ण ढंग से आत्महत्या के लिए प्रेरित किया था। इस घटना के बाद नैतिकता,कानून,और चिकित्सा क्षेत्र में इच्छा मृत्यु को लेकर गहरी बहस छिड़ गई है। स्विट्जरलैंड में इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता प्राप्त है। परंतु इस मामले ने एक नया ?विवाद खड़ा कर ?दिया है। दुनिया के अधिकांश देशों में इसे वैध नहीं माना है। विशेषज्ञों का कहना है, ऐसे उपकरणों के प्रयोग के लिए कठोर कानूनी और नैतिक दिशा निर्देश आवश्यक हैं। जीवन समाप्त करने का यह माध्यम उन मरीजों के लिए सहायक हो सकता है। जो गंभीर पीड़ा और लाइलाज बीमारियों से जूझ रहे हैं। स्विट्जरलैंड की इस घटना ने पूरे विश्व में इच्छा मृत्यु को लेकर नई बहस को जन्म दिया है। कुछ लोग इसे मानवीय और चिकित्सा दृष्टि से उचित ठहराते हैं। वहीं दूसरी ओर इसे अनैतिक और गैरकानूनी मानते हैं। सरकारों और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े ?जिम्मेदरों को इस विषय पर स्पष्टता से समग्र निर्णय लेने की आवश्यकता है। पिछले 4 दशक मे चिकित्सा के क्षेत्र में व्यवसायिकता देखने को मिल रही है। कृत्रिम उपचार के माध्यम से किसी तरह से बीमार व्यक्ति को लंबे समय तक जिंदा रखा जाता है। इस प्रक्रिया में उसे शारीरिक और मानसिक कष्ट से गुजारा जाता है। किसी भी दृष्टि से उसे जीवित रखा जाता है। चार दशक पहले चिकित्सक इस तरह के मामले में स्वाभाविक प्रक्रिया के तहत मरीज को प्राकृतिक तरीके से देखरेख और उपचार करके उसे जिंदा रखने की कोशिश करते थे। शारीरिक संरचना में जब मरीज भोजन करने में असमर्थ हो जाए, औषधि का उसके ऊपर असर खत्म हो जाए, बीमारी से निजात पाने की कोई संभावना न हो। ऐसी स्थिति में प्राकृतिक मृत्यु की क्रिया से गुजरा जाता था। इसमें शरीर को असाध्य कष्ट नहीं होता था। पिछले 4 दशकों में जो उपकरण चिकित्सा के क्षेत्र में उपयोग में लाये जा रहे हैं। कुछ ऐसी औषधि हैं जो शरीर के किसी एक अंग को लंबे समय तक जिंदा रख पाती है। उसके सहारे मरीज को शारीरिक और मानसिक कष्ट से अस्पतालों में गुजरा जाता है। मरीज के परिवार जनों से इलाज के नाम पर काफी पैसा अस्पतालों द्वारा कमाई की जाती है। भारत जैसे देश में साधु-संतों और जैन धर्म के लोगों में समाधि और संलेखना के माध्यम से इच्छा मृत्यु का चलन है। इस तरह की इच्छा मृत्यु से बाहरी शारीरिक कष्ट नही होता है।

पाकुड़ की खबरें

प्रशासनिक पहल के बाद डॉक्टरों की हड़ताल की घोषणा वापस

संताल एक्सप्रेस पाकुड़। उपयुक्त मृत्युंजय कुमार वर्णवाल एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के सकारात्मक पहल के बाद 28 सितंबर से होने वाली संभावित अनिश्चितकालीन हड़ताल को सदर अस्पताल के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने वापस ले लिया है। उक्त बातें सदर अस्पताल में प्रेस वार्ता के दौरान डॉक्टर अमित कुमार ने कहा ।डॉ अमित कुमार ने कहा कि बीते 22 अगस्त को एक सिजेरियन सफल ऑपरेशन हुआ था। किंतु 22 घंटे के बाद उसकी स्वास्थ्य बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। जबकि उसे बचाने के लिए तीन-तीन चिकित्सक लगे थे। बावजूद और असामाजिक तत्वों द्वारा न केवल अस्पताल में तोड़फोड़ किया गया बल्कि सड़क जामकर चिकित्सकों को मारने पीटने का प्रयास किया। मामले को लेकर पुलिस ने अस्पताल के सीएस डीएस सहित सभी चिकित्सकों नर्सों आदि कर्मचारियों पर प्राथमिक की

दर्ज कर दिया। डॉ अमित कुमार ने बताया कि जब भी कोई अस्पताल में ऐसी कोई घटना घटती है तो सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि एक जांच कमेटी बनाई जाएगी जांच कमेटी के निर्णय के आधार पर कार्रवाई होना सुनिश्चित होगा। किंतु पुलिस द्वारा जल्दबाजी में बिना किसी जांच पड़ताल के प्राथमिक की दर्ज कर लिया गया। इसके विरोध में अस्पताल के सभी कर्मचारियों ने 28 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की थी। इसके पूर्व चिकित्सकों की एक प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से मिलकर एक विज्ञप्ति सोपी थी। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने की सकारात्मक पहल*डॉ अमित कुमार ने बताया कि उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया है कि उन पर किसी भी प्रकार की आंच नहीं आने दिया जाएगा। वह घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं। जिला प्रशासन आपके साथ है आप बिना किसी डर भय के अस्पताल में अपनी सेवा पूर्ववत जारी रखें। उन्होंने उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सकारात्मक पहल के बाद सदर अस्पताल पाकुड़ के सभी चिकित्सकों ने अपनी संभावित हड़ताल को वापस ले लिया है।*हम ईश्वर नहीं है , मरीज के लिए जी जान लगा देते हैं* हम हम चिकित्सक अस्पताल के सारे कर्मचारी अपनी मरीजों की पूरी ईमानदारी और सतर्कता पूर्ण इलाज करते हैं । फिर भी कभी-कभी अनहोनी हो ही जाती है ।जिसमें चिकित्सकों का कोई हाथ नहीं होता । साथ मारपीट करते हैं, तोड़फोड़ करते हैं ,गाली गलौज करते हैं, यहां तक की प्राथमिक की दर्ज भी कर देते हैं।

किंतु अब सब कुछ ठीक हो गया है उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने पूरी आश्वासन दिया है, शुक्रवार से ही सभी सेवाएं प्रदान की जा रही है। ओपीडी पूरी तरह से चालू है। सिजेरियन भी होगा। अस्पताल की सारी सेवाएं पूर्वत जारी रहेगी।*चिकित्सकों ने किया सभी का धन्यवाद*अस्पताल प्रबंधन के सभी पर मामला दर्ज किए जाने से सदर अस्पताल के चिकित्सक भयभीत थे ।

पीएम श्री बालक मध्य विद्यालय के 1220 छात्र -छात्राओं में मात्र दो सरकारी शिक्षक

हिरणपुर (पाकुड़) लिट्टीपाड़ा प्रखंड के जबरदाहा पँचायत के अंतर्गत हिरणपुर बाजार के निकट स्थित पीएम श्री बालक मध्य विद्यालय हिरणपुर में शिक्षक की कमी से जूझ रहे है बच्चे, पठन पाठन में हो रही है बाधित। बालक मध्य विद्यालय व बालिका मध्य विद्यालय के मर्ज वर्ष 2018 में होने का बाद से विद्यालय में शिक्षकों की कमी होना शुरू हो गया था। अब उक्त बालक मध्य विद्यालय में छात्र छात्राओं की नामांकित संख्या 1220 है।जबकि शिक्षक की संख्या 10 है। जिसमे सहयोगी शिक्षक की संख्या 8 और दो सरकारी शिक्षक है।इससे ही अनुमान लगाया जाता है, कि बच्चों की भविष्य कितनी बन पा रही है।जबकि नियमतः 35 छात्र व छात्राओं पर एक शिक्षक की आवश्यकता है, परन्तु यहां उक्त विद्यालय पर नगण्य प्रतीत होती है।वही कुछ माह पूर्व में शिक्षक की अनुमोदित हुई ।जिसमें जहां शिक्षकों की आवश्यकता नही है वही शिक्षको को अनुमोदित कर बहाली कर दी गई है। जैसे मोहनपुर विद्यालय में बच्चों के अनुरूप शिक्षक प्रयाप्त है ।परंतु फिर भी एक शिक्षक का अतिरिक्त बहाली कर दिया गया है। इस हिरणपुर स्थित विद्यालय की शिक्षा के मायने पर पढ़ाई पर शिक्षा दर नीचे अस्तर पर आ गया है। कारण यह है कि शिक्षक की कमी, विद्यालय में बिषय के अनुसार शिक्षक भी नही है। जिस कारण पठन पाठन में बाधित हो रही है।इतना ही नही क्लास रूम में किसी दिन बच्चों की उपस्थिति अधिक हो जाती है तो बच्चों को रूम के जमीन में बैठक कर पढ़ाई करता है। विद्यालय में शिक्षकों की कमी को लेकर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुसलोदिन अंसारी ने कई बार विभाग को लिखित आवेदन देकर विद्यालय में शिक्षक उपलब्ध कराने मांग भी किया है , पर अभीतक इस पर विभाग के द्वारा कोई पहल नही हुआ है। जिस कारण बच्चों का पठन-पाठन ठीक से नही हो पा रहा है। इस संबंध में बीईईओ रफीक आलम ने बताया की प्रखंड भर के विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है , हलाकि बालक मध्य विद्यालय में शिक्षकों की कमी को लेकर विभाग को सूचना दे दी गई है ,जल्द ही शिक्षकों की कमी को दूर किया जाएगा।

डीसी ने की डीएलसीसी एवं डीसीसी की बैठक,बैंकों को दिया दिशा निर्देश

पाकुड़। शुकवार को उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्श दात्री एवं जिला स्तरीय साख समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित की गई जिसमे उपायुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना,प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना,सुरक्षा बीमा योजना जीवन ज्योति व अन्य योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रबंधकों को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण। वार्षिक साख योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 का लक्ष्य 1066 करोड़ है। प्रथम तिमाही में 344 करोड़ प्राप्त किया गया है जो की प्रतिशत 32.26 त्न है एवं सीडी रेशियों 51.21त्न है ।इसके अलावा डीसी ने क्रेडिट कार्ड की समीक्षा की। समीक्षा क्रम में विभिन्न बैंकों में लंबित केसीसी आवेदन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। उन्होने कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि लंबित आवेदन बैंको के साखाओं में भेजें। किसान क्रेडिट कार्ड के स्वीकृति में तेजी लाने हेतु बैंक को विशेष तौर पर ध्यान देने की बात कही।पीएमईजीपी योजना के समीक्षा क्रम में प्रखंड उद्यमी समन्वयक के द्वारा बताया गया कि पीएमईजीपी योजना वर्ष 2024-25 पाकुड़ जिले का लक्ष्य 50 है। जिसके विरूद्ध 88 आवेदन पत्र बैंकों को भेजे गए हैं बैंक के द्वारा 19 लाभुकों ऋण की स्वीकृति दी गई है। 29 आवेदन को रिजेक्ट कर दिया गया है।मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी श्री साईमन मरांडी, आरबीआई प्रबंधक रोशन कुमार, डीडीएम नाबार्ड प्रेम कुमार, एलडीएम श्री धनेश्वर बेसरा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री राहुल कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ के.के.भारती एवं जिला मत्स्य पदाधिकारी समेत विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

चार दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

पाकुड़ । शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में नव नियुक्त पैरा लीगल वॉलिंटियर्स का ओरियंटेशन सह चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय डालसा सभागार में आयोजित किया गया ।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुधांशु कुमार शशि सत्र न्यायाधीश प्रथम कुमार क्रांति प्रसाद लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ सुबोध कुमार दफादार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शिल्पा मुर्मू ने दीप प्रज्वलित कर चार दिवसीय नव नियुक्त पीएलवी प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया । कार्यक्रम में झालसा रांची के निर्देश पर कुल 55 पचपन नव नियुक्त पैरा लीगल वॉलिंटियर्स का चयन के पश्चात सभी चयनित पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह ने सभी को बधाई देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ द्वारा मिलने वाली जिम्मेवारी को लगन और निष्ठा पूर्वक निभाते हुए प्राधिकार द्वारा दी जाने वाली कार्य को लेकर कई दिशा निर्देश दी ।समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक निशुल्क विधिक सेवाएं उपलब्ध कराने,न्याय को सुलभ बनानेऔर कल्याणकारी सरकारी योजनाओं की जानकारी उन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पीएलवीक्षेत्र में मोटर एक्सीडेंट घटना से संबंधित मामले समेत कई कानूनी जानकारी पर प्रकाश डाला गया। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुधांशु कुमार शशि , अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम कुमार क्रांति प्रसाद ,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शिल्पा मुर्मू अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल मांझी , सचिव अजय कुमार गुड़िया अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सदिश उज्जवल बेक प्रभारी न्यायाधीश विजय कुमार दास समेत सभी नव नियुक्त पैरा लीगल वॉलिंटियर्सलीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ सुबोध कुमार दफादर , डिप्टी चीफ मो नुकुमुदिन शेख , संजीव कुमार मंडल, सहायक गंगाराम टुडू, अजफ़र हुसैन विश्वास समेत कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे समेत पीएलवी उपस्थित रहे।

आमजनों की समस्या से रूबरू हुए उपायुक्त, पदाधिकारियों को दिये निर्देश

पाकुड़।आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त श्री मृत्युंजय कुमार बरणवाल के द्वारा समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान शिक्षा विभाग, जमीन, समाज कल्याण, अनुकम्पा से संबंधित मामले एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

उपायुक्त ने किया कृषि उत्पादन बाजार समिति का निरीक्षण

पाकुड़। अगामी विधानसभा चुनाव 2024 तैयारी शुरू कर दी गई है, जिसके मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने गोकुलपुर हटिया स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति का निरीक्षण किया व कहा कि बाजार समिति में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में डिस्पैच सेंटर, रिसीविंग एवं

मतगणना केंद्र आदि का निर्माण किया जाएगा तथा वाहन कोषांग भी यहीं होगी, भवन प्रमंडल को प्लान बनाने हेतु निर्देशित किया है। कहा कि मतदान कर्मियों को ईवीएम जमा करते समय किसी भी परेशानी का सामना करना नहीं पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। साथ ही डिस्पैच, रिसीविंग सेंटर, मतगणना केन्द्रों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री अभिषेक सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

जल सहियाओं ने चलाया सफाई अभियान

महेशपुर (पाकुड़)स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम के तहत महेशपुर प्रखंड मुख्यालय में जल सहियाओं ने सफाई की. वही बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव भी मौजूद थे. बीडीओ ने कहा कि लोगों को स्वच्छता को अपने व्यवहार में लाना चाहिए तभी स्वच्छ समाज और स्वच्छ भारत का निर्माण हो सकेगा. उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देश के आलोक में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बीते 14 सितंबर से आगामी 01 अक्टूबर तक सभी पंचायतों के चौक चौराहों में मनाया जाएगा. ओर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

हिरणपुर में बनेगा इंडोर स्टेडियम ,भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश

हिरणपुर(पाकुड़) हिरणपुर में इंदौर स्टेडियम निर्माण की युवाओं की वर्षों पुरानी मांग अब पूर्ण होने का है। इसके निर्माण को लेकर विभागीय रूप से भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश अंचला अधिकारी लिट्टीपाड़ा को अपर समाहर्ता ने दिया है।18 अगस्त को महेशपुर प्रखंड अंतर्गत गाय बथान में मुख्यमंत्री मैया समान योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित की गई थी इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हिरणपुर के युवा चंदन भगत विकास दास दीपक भगत वापीन दत्त मुकेश कुमार आदि ने आवेदन देकर बाजार स्थित फुटबॉल मैदान इंदौर स्टेडियम के निर्माण को लेकर मांग पत्र सोपा था तब मुख्यमंत्री ने त्वरीत कार्यवाही का आश्वासन दिया था । सीएम के आदेश पर इंडोर स्टेडियम निर्माण की पहल प्रारंभ हो गई है इसको लेकर अपर समाहर्ता पाकुड़ ने सीओ लिट्टीपाड़ा को निर्देश पर दिया है कि मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के जन्म शिकायत कोषांग में उपलब्ध कराए गए विषयाधीन अभ्यावेदन में हिरणपुर बाजार के जबरदाहा स्थित फुटबॉल मैदान में इंडोर स्टेडियम निर्माण का आवेदन प्राप्त हुआ है। इस स्टेडियम की निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता आवश्यक है। इस स्टेडियम निर्माण के लिए 0.5 एकड़ भूमि का विवरणी उपलब्ध कराया जाय। इधर इंडोर स्टेडियम की निर्माण होने की खबर मिलने के साथ हिरणपुर के युवाओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। इस संबंध में सीओ श्रीमान मरांडी ने बताया कि इंडोर स्टेडियम निर्माण को लेकर फुटबॉल मैदान में जमीन की कमी होंगी। हिरणपुर बाजार के निकट दामिन डाक बंगला परिसर स्थित भूमि की मापी कार्य करने का निर्देश दिया गया है। जल्द ही मापी कार्य का लिया जाएगा।

जंगल से 05 साइबर अपराधी गिरफ्तार

09 मोबाइल, 10 सिम कार्ड, 04 फर्जी मोबाईल नंबर बरामद

संवाददाता

देवघर । साइबर पुलिस ने एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग के निर्देश पर में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से 05 साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ मे साइबर पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि करौं थाना अंतर्गत डिंडाकोली स्टेडियम फुटबॉल मैदान के समीप कुछ साईबर अपराधी फर्जी बैंक पदाधिकारी, कस्टमर केअर पदाधिकारी, क्रेडिट कार्ड पदाधिकारी,एयरटेल पेमेंट बैंक फोन पे कस्टमर केयर पदाधिकारी बनकर आमलोगों को झांसे में लेकर ठगी करते हैं। उपरांत सारठ थाना अंतर्गत जमुआ जंगल के समीप छापामारी कर पांच साईबर अपराधियों को पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्तियों के पास से बरामद मोबाईल,सिम के प्रारंभिक

जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उक्त साईबर अपराधी फर्जी बैंक पदाधिकारी, कस्टमर केअर पदाधिकारी, क्रेडिट कार्ड पदाधिकारी, एयरटेल पेमेंट बैंक फोन पे कस्टमर केयर पदाधिकारी बनकर आमलोगों को कॉल कर झांसे मे लेकर ऑनलाईन ठगी करते हैं। गिरफ्तार ठगों में देवीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुंडिया बांधडीह के सुभाष दास,पिता स्व0 युगल दास,पथरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत लखीपुर गांव के राजेश कुमार दास,पिता,पोलो महरा,लेडवा गांव के विष्णु कुमार दास,पिता नारायण दास,मारगोमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत महजोरी गांव के करण कुमार मंडल, पिता,रोहित मंडल,करौं थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरतर गांव के विकास कुमार दास, पिता,धीरण दास शामिल हैं। सभी को पूछताछ के बाद कोर्ट में प्रस्तुत कर कोर्ट के निर्देश पर जेल भेज दिया गया। उक्त साइबर ठग आरोपितों के पास से साईबर अपराध से संबंधित प्रतिबिम्ब एप में अपलोड किया गया 04 फर्जी मोबाईल नंबर बरामद किया गया है। छापामारी टीम में साईबर थाना के पु0नि0 छठुराम गोंड,पु0अ0नि0 नागेन्द्र प्रसाद सिंह, पथरौल थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिलुंग,करौं थाना प्रभारी अमर कुमार छापामारी टीम में शामिल थे।

आज होगी देवघर में परिवर्तन यात्रा की शुरुआत, राजस्थान के सीएम करेंगे शिरकत

संवाददाता

देवघर। शनिवार को देवघर केके एन स्टेडियम में देवघर विधानसभा में परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करेंगे। जिसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री शिरकत करेंगे। इसको लेकर देवघर विधायक नारायण दास लगातार कार्यक्रम स्थल केके एन स्टेडियम में तैयारी को लेकर निरीक्षण कर रहे हैं। परिवर्तन यात्रा रथ में विधायक अमित मंडल,जिला अध्यक्ष सचिन स्वानी,संजीव जजवाड़े, रीता चौरसिया, सचिन सुल्तानिया, विजया सिंह,पंकज सिंह भदोरिया रथ के साथ शामिल थे। वही इस मौके पर देवघर विधायक नारायण दास ने कहा कि उक्त कार्यक्रम में विशाल जनसभा होगी जिसमें लगभग 10 हजार का कार्यकर्ता जुटेंगे। जिसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा जनसभा को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में देवघर विधानसभा के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं।

वही दूसरी शुक्रवार को सारठ विधानसभा क्षेत्र के कुकरहा हाई स्कूल मैदान में भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुबे के पूर्व कृषि मंत्री सह सारठ विधायक रणधीर कुमार सिंह वर्तमान झारखंड सरकार पर जमकर गरजे।

सड़क न होने का दर्द : कीचड़ में फांसी एम्बुलेंस, प्रसव पीड़ा से कहराती रही महिला

सड़क व जोरिया में पुलिया के लिए प्रशासन ने नहीं सुनी गांव की गुहार

रामा कान्त मालवीय

मोहनपुर । मोहनपुर प्रखंड के महियामो बलजोरा क्षेत्र में शुक्रवार को एक गर्भवती महिला को प्रसव के लिए अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस दतकिचवा जोरिया के पास कच्ची और खराब कीचड़ रास्ते में फंस गई। गर्भवती महिला दर्द से कहराती रही। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फंसी एंबुलेंस को धक्का दिया और बाहर निकाला। फिर गर्भवती महिला को अस्पताल पहुंचाया।

कई बार सड़क की कर चुके हैं मांग

गांव के ग्रामीणों का कहना है कि खराब सड़क की समस्या को लेकर हमने शासन प्रशासन को कई बार अवगत कराया और पक्की सड़क की मांग भी की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके

परेशानी हो रही है।

चलते हमें कोई स्वास्थ्य संबंधित परेशानी होती है तो इसी प्रकार परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य केंद्र तक मरीज को पहुंचने में देर हो जाती है। जिसे की जान का खतरा बना रहा है ।लेकिन सड़के नहीं बन पाने से हम इस परेशानी को हमेशा झेलने को मजबूर रहते हैं।

विधानसभा चुनाव को लेकर शिल्पग्राम ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण का आयोजन किया

संवाददाता

देवघर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विशाल सागर एवं एसपी अजीत पीटर डुंगडुग की सयुंक्त अध्यक्षता में आज शुक्रवार को आगामी विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर शिल्पग्राम ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के सभी तीन देवघर, मधुपुर, सारठ विधानसभा क्षेत्र के सभी सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस सेक्टर पदाधिकारी को आगामी विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के दौरान मतदाताओं की सुविधा के साथ स्वच्छ, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन को लेकर किए जाने वाले विभिन्न कार्यों से अवगत कराया गया। इसके अलावे प्रशिक्षण के दौरान डीसी विशाल सागर ने सभी को संबोधित

करते हुए कहा कि निर्वाचन से जुड़े सभी कार्य एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसमें हर किसी का सहयोग अपेक्षित है। इस कार्य में हम सभी को एक दूसरे से समन्वय बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है, जिससे जिला अंतर्गत चुनाव को स्वच्छ, पारदर्शी सुरक्षित एवं भयमुक्त माहौल में संपन्न कराया जा सके। आगे उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आप सभी अपने तय दायित्वों का पारदर्शिता के साथ निर्वहन करते हुए अपने अपने क्षेत्र के अधीन मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन,आवश्यक एएमएफ मूलभूत सुविधा जिसमें पेयजल, शौचालय, प्रकाश की समुचित व्यवस्था,आवश्यक फर्नीचर, बिजली, रैंप आदि की सुविधा भी मुकम्मल रहे। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि आप सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों का आपसी समन्वय चुनाव के दरम्यान अहम है।

एम्स में सांस्कृतिक और शैक्षिक प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

संवाददाता

देवघर। देवीपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान,एम्स देवघर में 14 सितम्बर से 28 सितम्बर तक हिन्दी पखवाड़ा-2024 का आयोजन अत्यंत उत्साहपूर्वक और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य संस्थान के संकाय सदस्यों,कर्मचारियों और छात्रों के बीच हिन्दी भाषा के प्रति जागरुकता बढ़ाना और इसके महत्व को उजागर करना था। पखवाड़े के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,जिनमें हिन्दी भाषा और साहित्य को समर्पित गतिविधियों को प्राथमिकता दी गई। इस आयोजन में संकाय, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया,जिससे यह पखवाड़ा अत्यधिक सफल रहा। इस हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत कई रोचक और ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें काव्य प्रतियोगिता, स्वरचित कविता पाठ,लघु नाट्य प्रतियोगिता, भाषानुवाद, लघु निबंध, कठिन शब्दार्थ, हिन्दी चिकित्सा प्रश्नोत्तरी और आदर्श वाद-विवाद प्रतियोगिता प्रमुख थीं। इन सभी प्रतियोगिताओं का उ?द्देश्य हिन्दी भाषा के विविध आयामों को उजागर करना और प्रतिभागियों को उनके साहित्यिक और रचनात्मक कौशल को

प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना था। प्रत्येक प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों को अपनी हिन्दी भाषा की समझ और सृजनात्मकता को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया। हिन्दी पखवाड़ा-2024 के समापन समारोह का आयोजन 27 सितम्बर 2024 को किया गया, जिसकी अध्यक्षता संस्थान के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी प्रो. (डॉ.) सौरभ वाष्णेय ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रांची विश्ववि?द्यालय के सेवानिवृत्त हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. जंग बहादुर पाण्डेय और विशिष्ट अतिथि के रूप में देवघर महावि?द्यालय के सेवानिवृत्त अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. राम नंदन सिंह उपस्थित थे।

पतंजलि परिवार, आयुष विभाग मिलकर औषधि पार्क बनाएगा : डॉ रंजीत

देवघर संताल एक्सप्रेस । शुक्रवार को पतंजलि योगपीठ के जिला अध्यक्ष अनुज कुमार त्यागी ने जसीडीह थाना अंतर्गत टाभाघाट आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष के डॉ रंजीत कुमार सिंह को औषधीय पौधा उपहार में दिया एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में औषधीय पौधा एलोवेरा,

भूमि आंवला, हरसिंगार, श्यामा तुलसी, शतावर, सालपरनी आदि लगाया इसमें डॉक्टर रंजीत कुमार सिंह, कुंदन कुमार, टाटा सिंह, कृष्णा देव आदि ने मदद किया एवं औषधीय पौधों को संरक्षण करने का दायित्व लिया, अनुज त्यागी एवं डॉक्टर रंजीत सिंह ने कहा पतंजलि परिवार, आयुष विभाग मिलकर स्थानीय लोगों के सहयोग से टाभाघाट उप स्वास्थ्य केंद्र को औषधि पार्क के रूप में बनाएगा इससे आस पास के लोगों को लाभ मिलेगा।

सदर अस्पताल में जल्द लगेगा डीप फ्रीजर : डीसी

देवघर । आमजनों हो रही समस्या और सदर अस्पताल के आसपास शव गृह की वजह से होने वाली दुर्गंध के निदान को लेकर नए डीप फ्रीजर का जिला स्तर से अधिष्ठापन कराने का निर्देश दिया है। इस पहल का उद्देश्य मृतक व्यक्तियों के मानवीय संरक्षण को सुनिश्चित करना है, जिससे परिवारों को अंतिम संस्कार की तैयारी के लिए आवश्यक समय मिल सके।

साथ ही नया डीप फ्रीजर न केवल शवगृह की क्षमता को बढ़ाएगा, बल्कि कठिन समय के दौरान शोकग्रस्त परिवारों को प्रदान की जाने वाली देखभाल के मानकों को भी बढ़ाएगा।ज्ञात हो कि मृतक के शरीर की सुरक्षा के बारे में लगातार चिंता प्रियजनों के दर्दनाक अनुभव को और गहरा कर देती है। इस चिंता की सीमा को कम करने के लिए, विभिन्न उपकरणों का उचित उपयोग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त श्री विशाल सागर ने सदर अस्पताल में जल्द से जल्द डीप फ्रीजर का अधिष्ठापन पूर्ण करने का निर्देश दिया है, जिससे देवघर के स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को और मजबूती मिलेगी और यह पहल जिला प्रशासन की मृतक के परिजनों को सम्मान और आदर के साथ समर्थन देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

देवीपुर पुलिस ने तीन वारंटी को भेजा जेल

देवघर। देवीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ामेरखी निवासी अजमानतीय वारंटी कैलाश दास 60 वर्ष,मदन दास 54 वर्ष दोनों पिता स्व0 फिरंगी दास और विजय दास उम्र 29 वर्ष पिता कैलाश दास को देवीपुर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर देवघर न्यायालय के निर्देश पर जेल भेजा गया।

एनएसएस के प्रशिक्षन का आयोजन

देवघर संताल एक्सप्रेस । दो दिवसीय 'एनएसएस के' प्रशिक्षन का आयोजन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर देवघर में शुक्रवार को प्रारम्भ किया गया। इस प्रशिक्षण में सदर अस्पताल देवघर से स्टाफ नर्स सहित सभी सामुदायिक स्वास्थय केंद्र से कुल 24 प्रशिक्षनार्थी भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षन का मुख्य उद्देस्य स्वास्थ्य कर्मी को स्वास्थय संस्थानों में नवजात शिशुओं के ईस्टतम देखभाल प्रदान करने के लिए आवशयक ज्ञान, कौशल प्राप्त कराना है। साथ ही प्रशिक्षनार्थी प्रशिक्षन के उपरांत अपने अपने स्वास्थ्य संस्थान के डिलीवरी /प्रसव बिन्दुओं पर आवशयक नवजात देखभाल प्रदान करने के लिए निपुण होगा एवं शिशु मृत्यु दर को कमी करने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षक के रूप में डॉ विकास चिकित्या पदाधिकारी, देवीपुर एवं डॉ बी के सिन्हा, प्रभारी चिकित्या पदाधिकारी, सारवां ने बहुत ही बारिकी से प्रशिक्षनार्थी को प्रशिक्षण दिये।

कार्यालय सहायक निदेशक,
गन्ना विकास, गोड्डा
(संयुक्त कृषि भवन,चकेश्वरी रोड, वढौना गोड्डा–814133)

गन्ना उत्पादक कृषकों हेतु सूचना
(जिला गोड्डा देवघर एवं जामताड़ा)

झारखण्ड सरकार "कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (कृषि प्रभाग) द्वारा निर्गत राज्यादेश संख्या 64 / कृ0 रॉची दिनांक 05.09.2024 मे निहित निदेश के क्रम में गन्ना विकास योजना के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 मे गोड्डा, देवघर एवं जामताड़ा जिला अन्तर्गत गन्ना उत्पादन कर रहे या चालू वित्तीय वर्ष में गन्ना उत्पादन करने वाले इच्छुक किसानों को कार्यालय सहायक निदेशक, गन्ना विकास, गोड्डा द्वारा जिला स्तरीय प्रशिक्षण, राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के साथ–साथ अन्तर राज्यीय परिदर्शन एवं परिभ्रमण कराया जाएगा।

गन्ना से गुणवतापूर्ण गुड़ बनाने हेतु गन्ना उत्पादन से संबंधित प्रगतिशील कृषकों को 80 प्रतिशत अनुदान पर परिसंपत्ति (क्रशर–कड़ाह,पावर–वीडर,पम्प–सेट एवं नेपसेक स्पेयर) भी उपलब्ध कराया जाएगा।

अतः गन्ना उत्पादक कृषक (जिला गोड्डा, देवघर एवं जामताड़ा) उक्त योजना के लाभ लेने हेतु दिनांक 15.10.2024 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय मे प्रत्येक कार्यदिवस को कार्य–अवधि में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

सहायक निदेशक
गन्ना विकास, गोड्डा।

PR.NO.337342 District(24-25):D

कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, साहेबगंज

बरहेट अंचल अंतर्गत गोपलाडीह पंचायत के राजस्व तालाब / जलकरों का
सीमित डाक द्वारा अल्पकालीन बंदोवस्ती रद्द की सूचना

एतद् द्वारा मंत्री / अध्यक्ष बरहेट प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0, बरहेट एवं पंचायत स्तरीय गोपलाडीह मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0, बरहेट को सूचित किया जाता है कि **P.R सं0–PR 336120 (Fish) 24-25 (D)** द्वारा प्रकाशित विज्ञापन बरहेट अंचल अंतर्गत गोपलाडीह पंचायत में पड़ने वाले कुल 03 राजस्व तालाब की अल्पकालीन बंदोबस्ती वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक किये जाने हेतु दोनो समिति के बीच सीमित डाक दिनांक 30.09.2024 को अप0 12:30 बजे जिला मत्स्य कार्यालय, साहेबगंज में निर्धारित की गई थी को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है। ह0/–

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,साहेबगंज

PR 337366 Fish(24-25).D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT
ROAD DIVISION, DUMKA

VERY – VERY SHORT TIME
E-Procurement Notice

Tender Reference No.- RCD/DUMKA/1644 Date :- 26.09.2024

1	Name of Work-	Reconstruction work of Sumbeshwarnath Temple Approach Road at Saraiyahat (Total Length – 4.983 Km) under Road Division Dumka for the year 2024-25.
2	Estimated cost(In Rs)	Rs 20,57,70,313.00
3	Time of completion	Six Months
4	Date of Publication of Tender on Website	30.09.2024 at 10.30 AM
5	Last date/Time for receipt of bids	14.10.2024 Up to 12.00 Noon
6	Date of opening of Tender	15.10.2024 at 12.30 PM
7	Name & address of office Inviting tender	Office of The Executive Engineer Road Construction Department Road Division, Dumka.
8	Contact no.of Procurement Officer	8252424164
9	Helpline number of e-Procurement cell	0651-2401010

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division, Dumka

PR.NO.337270 Road(24-25):D

झारखण्ड सरकार
क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना, पथ निर्माण विभाग, दुमका

अति–अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना (2nd CALL)
ई–निविदा प्रसंग सं0 :–RCD/FSD /AP/ DUM/16/2024-25
दिनांकः–26.09.2024

1.	कार्य का नाम	**Detailed Project Report (DPR) for construction of New Bridge in place of existing High level Bridge at Chainage 3rd Km of Satsangangar-Bhirkhibandh Road (MDR-235) under road division Deoghar in the State of Jharkhand.**
2.	अनुमानित लंबाई (मीटर)	145 मी०
3.	कार्य समाप्ति की अवधि	45 दिन
4.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय	27.09.2024, 05.00 बजे अपराह्न
5.	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	14.10.2024, 12.00 बजे अपराह्न तक
6.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	15.10.2024, 01.00 बजे अपराह्न
7.	निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल अग्रिम योजना, पथ निर्माण विभाग, दुमका।
8.	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का संपर्क नं0	8292901787
9.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल को हेल्पलाईन नं0	0651–2401010

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :–http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता,
क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना,
पथ निर्माण विभाग, दुमका

PR 337222 (Road)24-25*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।
अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

अति अल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या – RWD/SD/GODDA/14/2024-25RE2

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्रम / ग्रुप सं०	प्रखंड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
4	Basantrai	Construction Of Boundary Wall For Maheshpur+2 School Village Maheshpur Panchayat Susti Block Basantrai District Godda.	5,19,800.00	10,400.00	1,250.00	03 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 30.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 30.09.2024 से दिनांक 07.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गोड्डा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 09.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8340110173
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।

PR 337347 Rural Development(24-25)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– RDSD/DMK/UNTIED/24/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

क्रo	कार्य का नाम	प्राक्कलित की राशि (रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मुल्य (रू० में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड रामगढ़ के पंचायत अमड़ापहाड़ी में आमपाड़ा स्कूल से दौला जाहेरथान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	6588700.00	132000	10,000	4 माह
2	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड मसलिया के पंचायत हारोरायडीह में पी0डब्लू0डी0 से मनरायडीह रोड जाने के रास्ते में पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1560200.00	31500	5,000	3 माह
3	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड मसलिया के पंचायत हारोरायडीह में ग्राम तालडंगाल में पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1642800.00	33000	5,000	3 माह
4	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड मसलिया के पंचायत बेलियाजोर में ग्राम कोवाढाप में पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1692100.00	34000	5,000	3 माह
5	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड मसलिया के पंचायत सांपचाला में ग्राम जामबाद बुरूटोला में पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1532300.00	31000	5,000	3 माह
6	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड मसलिया के पंचायत कठलिया में ग्राम धरमपुर आंगनबाड़ी केन्द्र के बगल से पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1603400.00	32500	5,000	3 माह
7	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड दुमका के पंचायत बड़तल्ली में ग्राम गांदों में आर0ई0ओ0 रोड से शिवमंदिर होते हुए मिलन चौक तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1623700.00	32500	5,000	3 माह
8	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड दुमका के पंचायत गादीकोरैया में साहेबगंज गोविन्दपुर मुख्य सड़क से सुजानपुर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1532100.00	31000	5,000	3 माह
9	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड मसलिया के पंचायत नयाडीह में ग्राम पलासी में पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1565600.00	31500	5,000	3 माह
10	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड मसलिया के पंचायत सुग्गापहाड़ी में ग्राम पियोलघोड़ा में मनोहर चक में उ0प्र0वि0 पियोलघोड़ा से सुग्गापहाड़ी जाने के रास्ते में पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1644800.00	33000	5,000	3 माह
11	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड मसलिया के पंचायत हारोरायडीह में ग्राम तालडंगाल स्कूल टोला से प्रधान टोला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1655200.00	33500	5,000	3 माह
12	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड मसलिया के पंचायत आमगाछी में ग्राम गुलाबीबथान में पहाडियाटोला में पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1621300.00	32500	5,000	3 माह
13	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड मसलिया के पंचायत रानीघाघर में ग्राम केसोरायडीह मांझी टोला में पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1572400.00	31500	5,000	3 माह
14	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड मसलिया के पंचायत सुगापहाड़ी में ग्राम बेहरावाक से नदी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1596000.00	32000	5,000	3 माह
15	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड दुमका के पंचायत गादीकोरैया में ग्राम गुहियाजोरी डहूटोला में सुरेश देहरी घर के पास पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1680000.00	34000	5,000	3 माह
16	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड दुमका के पंचायत गादीकोरैया में ग्राम कासीकोल में अवशेष भाग में पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1551000.00	31500	5,000	3 माह
17	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड दुमका के पंचायत गादीकोरैया में ग्राम बरई में चबुतरा से पुलिया तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1663000.00	33500	5,000	3 माह
18	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड दुमका के पंचायत कुरूवा में ग्राम कुरूवा में कब्रस्थान जाने वाला रास्ता में पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1706000.00	34500	5,000	3 माह
19	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड दुमका के पंचायत मुडभंगा में धनबाड़ी मांझी टोला सकूल जाने वाले रास्ते में पी0सी0सी0 पथ सह गार्डवाल निर्माण।	1743900.00	35000	5,000	3 माह
20	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड दुमका के पंचायत रानीबहाल में ग्राम मुरजोरा मधुबन टोला में पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1800800.00	36500	5,000	3 माह
21	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड दुमका के पंचायत पुराना दुमका में ग्राम इन्द्रानगर हुसैन घर से नूरी मस्जिद तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1137400.00	23000	2,500	2 माह
22	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड दुमका के पंचायत पुराना दुमका में ग्राम पुराना दुमका में अपन का घर से बंगाली का घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1039200.00	21000	2,500	2 माह
23	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड दुमका के पंचायत बन्दजोरी में ग्राम मोरटंगा में केशरी का घर से ननदु साह का घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1058100.00	21500	2,500	2 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 07.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक–17.10.2024 (अपराह्न 5:00 बजे तक)।
4. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका।
4. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 19.10.2024 (समय 2:00 बजे अपराह्न)।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका।
6. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दुरभाश संख्या :– 7091279444
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबाबदेही आपकी होगी।
9. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
10. क्रम संख्या 01 में अंकित योजना दो लिफाफा पद्धति पर आधारित है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका

PR 337209 Rural Work Department (24-25)_D

लगातार हो रही बारिश से जिले की कई नदियां उफान पर

गोड्डा । जिले में पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश से एक तरफ जहां कझिया नदी, गेरुआ नदी आदि अन्य नदियां उफान पर है तो वहीं दूसरी तरफ जिला मुख्यालय में सैकड़ो घर पानी में डूब गए हैं। वहीं नदियों की बात करें तो कझिया, गेरुआ, चीर नदी के अलावा कई अन्य नदियां उफान पर हैं। कुछ नदियों के पुल पर भी पानी का तेज बहाव चल रहा है। बसंतराय नदी में पुल के उपर से पानी का बहाव हो रहा है। इस कारण लोगों का आवागमन बाधित हो गया है पर कुछ लोग इसकी परवाह किए बिना पैदल और गाड़ियों से पानी के तेज बहाव में पुल पार कर रहे हैं और घटना को आमंत्रित कर रहे हैं, यह काफी खतरनाक है। **मुख्यालय के कई घरों में घुसा बर्षा का पानी**मालूम हो कि पिछले तीन- चार दिनों से हो रही बारिश के परिणाम स्वरूप जिला मुख्यालय के कई मुहल्लों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। शहर के बीचों-बीच स्थित कई मोहल्ले में जल जमाव की स्थिति बनी हुई है और कई घर पानी में डूब गए हैं। वहीं बिजली ऑफिस के सामने स्थित राजकुमार नगर मोहल्ले के सैकड़ो घरों के पानी में डुब जाने से जहां त्राहिमाम की स्थिति बनी हुई है वही जल जमाव के कारण लोग अपने-अपने घरों को छोड़कर दूसरे घरों में शरण लिए हुए हैं। मोहल्ला वासियों ने बताया कि पिछले वर्ष भी भारी बारिश के कारण सैकड़ो घर पानी में डूब गए थे जिससे लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था बावजूद स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया गया जिससे आज स्थिति भयावह बन गई है। मोहल्ला वासियों ने बताया कि पिछले एक वर्ष में उनकी समस्याओं को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि और सरकारी पदाधिकारी के अनदेखी के कारण पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की जा सकी जिससे आज लोगों का घरों में रहना दुभर हो गया है। उधर कझिया नदी के उफान पर होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी से बने घरों पर खतरा मंडराने लगा है। वहीं मिल रही जानकारी के अनुसार नदी के किनारे बसे कई गांव में मिट्टी के घर दरकने लगे हैं, वही मवेशियों के आगे भी संकट उत्पन्न हो गया है। जानकारी के मुताबिक 25 सितंबर को गोड्डा में 43 मिली मीटर वर्षा जहां रिकॉर्ड की गई थी वही आज समाचार लिखे जाने तक करीब 15-20 मिली मीटर वर्षा बताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार गोड्डा समेत पूरे संथाल परगना में कहीं-कहीं भारी वर्षा की संभावना बनी हुई है।

अमीनघाट ब्रिज नवादा से रहसपुर तक सड़क की स्थिति दयनीय, सड़क गड्ढों में तब्दील

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़ ।बरसात के मौसम में सदर प्रखंड के अमीनघाट ब्रिज से रहसपुर तक सड़क की हालत दयनीय हो चुकी है. सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है. पूरी सड़क में पानी इतना भर गया है कि आधी बाइक डूब जाती है. पानी निकासी के लिए किसी तरह का नाला का भी प्रबंध नहीं है. एक जगह नाला का निर्माण करवाया गया था परंतु नाला का निर्माण इस तरीके से करवाया गया कि पानी निकासी हो ही नहीं पा रहा है. कहीं ना कहीं इस नाला के निर्माण में इंजीनियर साहब का खुराफाती दिमाग था. कहीं ना कहीं उनकी मंशा यह थी कि ठेकेदार का बिल पास हो सके, पानी निकासी हो या ना हो उससे उनका कोई मतलब नहीं था, यूं कहा जाए कि यह नाला भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया तो गलत नहीं होगा. क्योंकि नाला निर्माण के समय इंजीनियर साहब की उपस्थिति जीरो के बराबर थी. पिछले वर्ष ही आमीन घाट ब्रिज का निर्माण करवाया गया था. जिससे यहां के स्थानीय लोगों को बाढ़ की समस्या से निजात तो मिली है. लेकिन इस ब्रिज से रहसपुर तक पूरी सड़क टूट चुकी है.इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह एकमात्र सड़क है जो सीधा पाकुड़ को जोड़ती है. रोजाना इस सड़क से सैकड़ो लोग पाकुड़ अपने कामकाज से आते-जाते रहते हैं. बरसात के इस मौसम में सड़क की दयनीय स्थिति होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. जिला प्रशासन को इस सड़क की मरम्मती पर ध्यान देने की जरूरत है।

राज्यस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए उच्च विद्यालय बुधासन की नम्रता तथा प्रीति का चयन

गोड्डा । खेलो झारखंड राज्यस्तरीय वॉलीबाल चयन प्रतियोगिता में पी एम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय बुधासन की बालिका नम्रता सिंह का चयन अंडर 17 वर्ग में तथा प्रीति कुमारी का चयन अंडर 19 वर्ग में हुआ है।खिलाड़ियों के चयन पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव कुमार ने खुशी व्यक्त की है। विद्यालय के अन्य शिक्षक सुधाकर गुप्ता, संदीप कुमार, राजेंद्र बेसरा, राजेश गुप्ता, राजेश कुमार, गौतम कुमार भगत, अजय कुमार मिश्रा, पिंकी कुमारी, कुमारी नूतन सिंह, मुक्तामणि, सोमशंकर राज, खुसरो परवेज़, कंचन कुमारी ने भी बालिकाओं के चयन पर खुशी व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

चलाया एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान, 6 वाहनों का कटा जुर्माना

संवाद सहयोगी कुंडहित (जामताड़ा)शुक्रवार को कुंडहित थाना द्वारा आसनसोल दुमका मुख्य मार्ग स्थित बारमेशिया मोड़ पर तथा कुंडहित बाजार में एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 06 चार चक्का वाहनों की जांच के दौरान सीट बेल्ट नही लगाने पर जुर्माना कटा। पुलिस द्वारा चलाए गए वाहन तलाशी अभियान को लेकर क्षेत्र में बगैर कागजात, मास्क और हेलमेट आदि के वाहन चलाने वाले चालकों में अफरा-तफरी देखने को मिली। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कुंडहित के एसआई अजय राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कुंडहित प्रखंड के विभिन्न बैंक तथा प्रखंड एंव बाजार वाहन जांच अभियान चलाया।अभियान के दौरान दोपहिया वाहन बीना हैंडल लॉक किए गाड़ी को छोड़कर काम कर रहे हैं ऐसे मोटरसाइकिल को हवा खोल दिया गया। तथा 06 चारपहिया वाहन का सीट बेल्ट नही लगाने पर जुर्माना काटा गया। जांच के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को आवश्यक कागजातों के साथ-साथ हेलमेट और मास्क लेकर चलने की अपील की गई। बहरहाल वाहन तलाशी अभियान को लेकर वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति देखने को मिली। मौके पर एस आई अजय राय के अलावे पुलिस बल मौजूद थे।

सुलह-समझौते से निष्पादित मामले ही चिर स्थाई :सचिव

संवाददाता

गोड्डा । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित लाइब्रेरी हाल में नवचयनित पारा लीगल वोलेंटियारों का पांच दिवसीय इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन प्रशिक्षु पीएलवी को कानून के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डा. प्रदीप कुमार ने कहा कि आपसी समझौता से निष्पादित मामले चिर स्थाई होते हैं। इसलिए प्राथमिकी दर्ज होने के पूर्व दोनों पक्षों को समझौना कराने की दिशा में पहल करने की जरुरत है। इसके लिए डालसा के फ्रंट आफिस में सादे कागज पर आवेदन देकर निपटारा कराया जा

सकता है। वहीं लोकअदालत, स्थाई लोक अदालत के कार्यों व मुकदमा के निष्पादन के तरीके की जानकारी दी गई। कहा कि संविधान में महिला- पुरुषों को बराबर का दर्जा प्राप्त है।महिलाओं के सशक्तिकरण से ही समाज में व्याप्त कुरीतियों का सफाया हो सकेगा। उन्होंने घरेलु हिंसा अधिनियम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रताड़ना सहने के बावजूद जो महिलाएं मध्यस्थता के दौरान साथ- साथ रहने पर सहमत हो जाती हैं और घर बसाती हैं। वही महिलाएं आदर्श होती हैं।
हालांकि कानून में भी महिलाओं को अधिकार प्रदत्त है। कहा कि समाज में महिला सशक्तिकरण को लेकर बालिकाओं को सतर्क रहने की जरुरत है। सही उम्र में ही करें शादी। शादी की उम्र लड़की के लिए 18 एवं लड़कों के लिए 21 वर्ष निर्धारित है। इससे पहले शादी करना कानूनी जुर्म है। कहा कि कानून में महिलाओं की रक्षा के लिए पोक्सो कानून बनाया गया है। कानून की नजर में स्त्री की लज्जा भंग करना एक गंभीर अमानवीय अपराध है। ऐसा अपराध नारी की स्वतंत्रता एवं निजी जीवन और निजता पर हमला है चाहे वह महिला किसी भी उम्र की हो सकती है। कई ऐसे कृत्य हैं जिससे स्त्री की लज्जा भंग होती है। इसके अलावा मध्यस्थ अधिवक्ता अफसर हसनैन, कुंदन ठाकुर, लीली कुमारी, मो. असलम आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

विधायक के भाई के वाहन को पथरगामा के समीप लाठी-डंडे लेकर युवकों ने रोका

गोड्डा । विधायक अमित मंडल के भाई सुमित कुमार के वाहन को पथरगामा के जमजोरी गांव के पास युवकों ने रोक दिया, सभी युवकों के हाथों में डंडा था। इस दौरान वाहन पर युवकों द्वारा लाठी-डंडे से एक-दो बार प्रहार भी किया गया। युवक व ग्रामीण आक्रोशित थे, इसलिए वाहन पर सवार विधायक के भाई सहित अन्य लोग वाहन में ही सुरक्षित जमे रहे। फिर वहां से तुरंत पुलिस को सूचना दी गयी, जिसके बाद पथरगामा थाना की पुलिस उक्त घटना स्थल के लिए अविलंब निकल गई। पुलिस द्वारा तेजी से जमजोरी के समीप पहुंचकर विधायक के वाहन को सुरक्षित निकाला गया। इस बाबत पूछे जाने पर पथरगामा थाना प्रभारी रामसूरत यादव ने बताया कि गोड्डा विधायक के भाई जमजोरी से आगे पथरिया आदि गांव से लौट रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार वे एक फुटबाल टूर्नामेंट कार्यक्रम में पुरस्कार बांटने गये थे। वहां से वापस लौट रहे थे, तभी बात हुई है, पुलिस के पहुंचने पर सभी भाग खड़े हुए। पुलिस ने बताया कि युवक बाइक पर सवार थे, पुलिस को देखते ही सभी निकल गये। पुलिस ने खदेड़ा तो सभी युवक भाग खड़े हुए। विधायक अमित मंडल के भाई सुमित कुमार को थाने में जाकर आवेदन देने को कहा गया है। कहा कि ऐसे तत्व को चिह्नित करने का काम किया जा रहा है। हालांकि विधायक के भाई सुमित कुमार थाना नहीं पहुंचे और सीधे निकल गये। कहा कि दूसरे दिन आवेदन के मामले में देखा जाएगा।

स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत जल सहियाओं को दिलाई गयी शपथ

फतेहपुर । पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा शुक्रवार को प्रखंड सभागार फतेहपुर में स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार दास की अध्यक्षता में चर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता की भागीदारी एवं संपूर्ण स्वच्छता को लेकर जलसहियाओं को शपथ दिलाई गई। स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता विषय एवं विभिन्न गतिविधि विषय पर विचार-विमर्श किया गया। मौके पर बीडीओ प्रेम कुमार दास ने कहा कि ओडीएफ प्लस अंतर्गत निर्मित संरचनाओं के कार्यक्षमता की जांच करना है। साथ ही ग्रामीणों को निर्मित संरचनाओं को कार्यक्षमता रखने हेतु प्रेरित करना है। कहा कि गांव स्तर पर प्रत्येक घरों में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन हेतु लोगों को व्यापक स्तर पर जागरूक करना है। कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग को पूर्णतः समाप्त करने की दिशा में आमजनों का अपेक्षित सहयोग आवश्यक है। बताया कि 14 सितंबर से 02 अक्टूबर तक सभी ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान के तौर पर यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। वही जिला समन्वयक अनुज कुमार ने सभी जल सहिया को विस्तार रूप से जानकारी दिया। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता विक्रम कुमार, जिला समन्वयक अनुज कुमार, प्रखंड वाश कोर्डिनेटर कृष्ण दे,आईएसए प्रखंड समन्वयक गौरव कुमार झा सहित विभिन्न गांव की जलसहिया मौजूद रही।

शिक्षा के मंदिर में खुलेआम परोसी जा रही है देशी शराब



आनंद कुमार मिश्रा /मेहरमा (गोड्डा) संवाददाता = प्रखंड अंतर्गत बलबड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनकुड़िया के ग्राम रजौन स्थित प्राथमिक विद्यालय संथाली टोला के बरामदे में विद्यालय बंद होने के बाद खुलेआम देसी शराब बेची जाती है। जिससे वहां शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सोनेलाल मरांडी जो उसी गांव के हैं, तथा विद्यालय से महज चंद कदम की दूरी पर ही उनका घर है, ने भी इसकी जानकारी न तो विभागीय अधिकारियों को और ना ही पुलिस एवं प्रशासन को ही दी है। इस बाबत पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि विद्यालय में चारदीवारी नहीं है। और बगल में शराब बिकती है। विद्यालय बंद रहने पर बारिश से बचने के लिए शराब बेचने और पीने वाले दोनों बरामदे में चले जाते हैं। इस बाबत बलबड्डा थाना प्रभारी राहुल कुमार चौबे ने नियम संगत कार्रवाई का भरोसा दिया। वही मेहरमा प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव कुमार ने शिक्षा के मंदिर में हो रहे इस कृत्य पर गहरी चिंता जाहिर की तथा प्रशासनिक कार्रवाई की बात कही। पूर्व मुखिया हेमंत मंडल ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए दुखद स्थिति करार दिया तथा पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं वर्तमान मुखिया जंग बहादुर सिंह ने भी शिक्षा के मंदिर में ऐसी घटना पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उनके संज्ञान में आया है। उचित कार्रवाई की जाएगी। चाहे जो हो परंतु शिक्षा के मंदिर में हो रहे इस कृत्य ने विभाग के दावों की पोल खोल दी है।

प्रमाण पत्र वितरण के साथ कस्टम ज्वेलरी निर्माण प्रशिक्षण शिविर संपन्न

गोड्डा । इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गोड्डा द्वारा आयोजित 13 दिवसीय कस्टम ज्वेलरी प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को प्रमाण पत्र वितरण के साथ सम्पन्न हो गया।प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों को असेसर चंद्र, मोहन ठाकुर एवं सावित्री सिंह का लिखित, मौखिक व प्रायोगिक कार्य करवाकर मूल्यांकन किया गया। प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्र की 28 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के कलात्मक आभूषण (चूड़ी, कंगन, हार सेट बेंगल बाक्स इत्यादि) बनाये।इस अवसर संस्थान निदेशक विनय कुमार यादव ने कहा कि महिलाएं अपने समूह के माध्यम से या व्यक्तिगत ऋण लेकर इस व्यवसाय में अधिक से अधिक आर्थिक उपार्जन कर सकते हैं। साथ ही संस्थान के द्वारा व्यवसाय को आरंभ करने एवं ऋण दिलाने में दो वर्षों तक मदद किया जाएगा। मौके पर कार्यक्रम संयोजक आदित्य कुमार, कार्यालय सहायक अशोक कुमार, धीरज कुमार मंडल एवं प्रशिक्षु महिलाएं उपस्थित थीं।

कुख्यात शराब तस्कर गिरफ्तार

जामताड़ा सं। एसपी एहतेशाम वाकारिब को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ जामताड़ा आनन्द विकास लागोरि के नेतृत्व में जामताड़ा थाना प्रभारी राजेश मंडल एवं अन्य पुलिस कर्मियों के साथ सदर थाना क्षेत्र के केंदबोना गाँव मे छापेमारी कर कुख्यात शराब तस्कर मनोज मंडल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध इसी थाना क्षेत्र के मोचीयाडीह जंगल में छापेमारी की गई थी। विगत एक सितंबर को हुई छापेमारी में हजारों लिटर अंग्रेजी शराब एवं विभिन्न कंपनियां के रेपर बोतल स्प्रीट पुलिस द्वारा बरामद किया गया था। हालांकि उक्त छापेमारी की भनक गिरफ्तार आरोपी को लग जाने से मौके से फरार हो गया था जिसे अब गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बता दें कि मनोज मंडल जामताड़ा जिले का सबसे बड़ा अवैध शराब माफिया के रूप में प्रतिष्ठित हो गया है। जिस पर गाहेबगाहे पुलिस की नजर बनी रहती है। एक सितंबर को हुई छापेमारी से पूर्व उसके पैतृक गांव केंदबोना में भी पुलिस एवं उत्पाद विभाग के द्वारा छापेमारी की गई थी जहां से लाखों रुपए मूल्य की अवैध विदेशी शराब और निर्माण सामग्री बरामद किए गए थे। बीते एक सितंबर को भी छापेमारी में मनोज मंडल के गायब होने के बाद से ही पुलिस उसे तलाश कर रही थी। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि मनोज मंडल फलाने जगह पर उपस्थित है, उसके बाद टीम बनाकर छापेमारी की गई जहां से मनोज मंडल की गिरफ्तारी हुई।

जेबीकेएसएससदस्यता अभियान का शुभारंभ

फतेहपुर । नाला विधानसभा के लोकप्रिय, आंदोलनकारी नेता सह जेबीकेएसएस के केन्द्रीय महामंत्री शान्ति गोपाल महतो के नेतृत्व में नाला विधानसभा मे झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की और से प्राथमिक सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमे विधानसभा क्षेत्र के नव युवक गणो मे काफी उत्साह देखा गया। इस सदस्यता अभियान मे काफी संख्या मे नवयुवक गण झारखण्ड के एकमात्र उम्मीद के किरण टाईगर जयराम महतो को राज्य का अगला मुख्यमंत्री के रुप मे देखना चाहते है। वही शिक्षित आंदोलनकारी क्रांतिकारी छात्र नेता सह नाला विधानसभा के भावी प्रत्याशी शान्ति गोपाल महतो ने युवाओं से झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी से जुड़ने का आवाहन किया। इस सदस्यता अभियान के दौरान केन्द्रीय महामंत्री सह नाला विधानसभा के क्रांतिकारी, लोकप्रिय युवा नेता शान्ति गोपाल महतो ने कहा कि झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष के विचार को विधानसभा क्षेत्र के जनमानस के समक्ष लगातार रख रहे है साथ ही नयी सोच नयी उम्मीद युवा सरकार बनाने हेतु अपील कर रहे है। इसी के तहत सदस्यता अभियान चला रहे है ताकि पार्टी मे अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ा जा सके। उन्होनें कहा कि झारखण्ड राज्य तो काफी संघर्ष के बाद मिला लेकिन आज भी झारखण्डी को उनका पहचान नहीं मिला। दो दशक बीत जाने के बाद भी झारखण्डी जनमानस के साथ उपेक्षा किया गया। मूलभूत समस्याओं का भी निराकरण नहीं हुआ। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि चीजों पर सरकार हर मोर्चे पर फेल है। नाला विधानसभा में कोई ऐसा गाँव नहीं जिस गाँव के युवा पलायन नहीं करता हो, कृषक चिंतित है, आम नागरिकों को प्राथमिक उपचार के लिए बंगाल जाना पड़ता है, क्या यही सोने की झारखण्ड है। यदि इस 2024 विधानसभा चुनाव में जनमानस का आशीर्वाद मिला तो नाला में बीएड कॉलेज, टेक्निकल कॉलेज, नाला को अनुमंडल सहित पलायन को रोकने, कृषक कल्याण, स्वास्थ्य व्यवस्था मे आवश्यक सुधार आदि पर पहल करने हेतु प्रतिबद्ध रहूंगा! इस मौके पर मुन्ना सिंह, लालटु सिंह, बिपिन महतो, कांचन सिंह, चिरंजीत यादव, अर्जुन मंडल, मुन्ना यादव, बिशु कोल, मनोज, मुकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

परिवर्तन चाहिए तो भाजपा को लाइए, नहीं तो बांग्लादेश की स्थिति देख लीजिए : लॉकेट चटर्जी

जामताड़ा सं। भारतीय जनता पार्टी का राज्यव्यापी कार्यक्रम परिवर्तन यात्रा का रथ शुक्रवार को जामताड़ा पहुंचा। इसी निमित्त जामताड़ा शहर स्थित यज्ञ मैदान में परिवर्तन यात्रा सभा का आयोजन किया गया। इस विशाल सभा में पार्टी का नारा ना सहेंगे, ना कहेंगे, बदल के रहेंगे के साथ हजारों हजार की संख्या में जामताड़ा विधानसभा के आमजनों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस परिवर्तन यात्रा सभा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिम बंगाल की सांसद लॉकेट चटर्जी सम्मिलित हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद सुनील सोरेन, जिलाध्यक्ष सुमित शरण, विरेन्द्र मंडल, दुबराज मंडल, हरिमोहन मिश्रा, बिनोद मंडल, सुनील हांसदा, मनीष दुबे, कमल गुप्ता, कमलेश मंडल सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि लॉकेट चटर्जी ने परिवर्तन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड राज्य का संपूर्ण विकास भाजपा के शासन में ही संभव है। वर्तमान झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद की गठबंधन सरकार सिर्फ अपना कल्याण करने में लगी हुई हैं। उसे न तो आमजनों की चिंता है और न ही आदिवासियों की इस सरकार को चिंता है और न ही. बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की। वोट बैंक की राजनीति के चलते इस गठबंधन सरकार ने पूरे संथाल परगना की डेमोग्राफी चेंज कर दी हैं। इसलिए आने वाले विधानसभा चुनाव में इस सरकार को उखाड़ फेंकना हैं। भाजपा नेता वीरेंद्र मंडल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान गठबंधन हेमंत सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है और तुष्टिकरण की राजनीति कर रही हैं। पिछले 5 वर्षों में इस गठबंधन सरकार ने जनमानस की भलाई और राज्य की भलाई के लिए कार्य नहीं किया है । इन सब बातों मुद्दों को लेकर राज्य भर की जनता में आक्रोश है और परिवर्तन की लहर हैं।

ओझा-गुणी के चक्कर में बाल-बाल बची महिला की जान

गोड्डा सं। जिले में अब भी लोग ओझागुनी के चक्कर में अपनी जान गंवा रहे हैं। बीते दिनों भी देवदांड़ थाना क्षेत्र में ओझा गुनी के चक्कर में पड़कर तीन महिलाओं के साथ झाड़ फूंक में लगे झाड़फूंक करने वाले ने उपचार के बहाने छेड़छाड़ किया गया था, जिसमें देवदांड़ थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। वहीं अब ओझागुनी का दूसरा मामला सदर प्रखंड के ककना गांव का है। मिली जानकारी के अनुसार ककना गांव की 24 साल की पूनम देवी पति करन राय कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। करीब सात-आठ दिन पूर्व गांव में ही महिला की डिलेवरी भी हुई है। महिला की तबीयत खराब होने के बाद झाड़फूंक के चक्कर में फंस गयी। नेपूरा पंचायत के किसी गांव में ही ओझा गुणी के झांसे में आ गयी। इसके बाद महिला की दिनों-दिन तबीयत बिगड़ने लगी। एक तो बीमारी के बाद पहले से ही महिला शरीर में खून का अभाव था। दूसरा डिलेवरी के कारण हीमोग्लोबिन का स्तर और भी नीचे गिर गया। ऐसे में महिला की हालत और भी खराब हो गयी। महिला को सदर अस्पताल में दो दिन पूर्व भर्ती कराया गया है। महिला चलने-फिरने में भी असमर्थ हो गयी थी। किसी तरह अस्पताल लायी गयी थी। महिला की हालत देखकर चिकित्सक डॉ राजेंद्र भगत द्वारा भर्ती कराया गया। महिला का उपचार अभी सदर अस्पताल के प्रसव वार्ड में किया जा रहा है। पीड़ित महिला को कुल चार यूनिट ब्लड प्रदान किया गया है, ताकि जान बच जाये।

भारी बारिश के कारण पंजवारा नदी का डायवर्सन क्षतिग्रस्त, आवागमन बाधित

गोड्डा । जिले भर में चार दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश से सभी नदियां उफान पर हैं। जिला मुख्यालय के कझिया नदी का जलस्तर बढ़ गया है। अधिक बारिश होने से गोड्डा-भागलपुर मार्ग पर झारखंड-बिहार की सीमा पर पड़ने वाला पंजवारा नदी के निर्माणाधीन पुल के कारण बनाये गये डायवर्सन पर बीते गुरुवार को नदी का पानी तेज रफ्तार में बह रहा है, जिस कारण डायवर्सन टूट कर बहने के कगार पर है। वहीं नदी का पानी डायवर्सन से गुजरने के कारण अगले दिन डायवर्सन क्षतिग्रस्त हो गया है जिस कारण एहतियातन के तौर पर आवागमन को रोक दिया गया है और लोगों को वैकल्पिक मार्ग से जाने को कहा जा रहा है। वहीं डायवर्सन को देखने के लिए पंजवारा के समीप काफी संख्या में लोग जुटे थे। वहीं संवेदक द्वारा डायवर्सन को जहां तहाँ दुरूस्त करने का काम किया जा रहा था। मालूम हो कि पिछले साल भी बारिश के शुरुआती समय में डायवर्सन की हालत खराब हो गयी थी, जिस कारण गोड्डा से भागलपुर का आवागमन ठप हो गया था तीन दिनों तक मरम्मत के बाद आवागमन चालू किया गया था।

राष्ट्रीय लोक अदालत आज

गोड्डा । झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में सुलहनीय मामले के निष्पादन को लेकर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मामले के त्वरित निष्पादन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 11 न्यायिक बेंच का गठन किया गया है। प्रथम न्यायिक बेंच पर परिवार वाद, मेट्रीमोनियल वाद एवं भादवि की धारा 125 से संबंधित मामले की सुनवाई होगी। इसकी सुनवाई परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय एवं मध्यस्थ अफसर हसनैन शमशाद करेंगे। दूसरे न्यायिक बेंच पर एमएसीटी से संबंधित मामले की सुनवाई होगी। इसकी सुनवाई जिला जज चतुर्थ पियूष श्रीवास्तव एवं मध्यस्थ कुंदन कुमार ठाकुर सुनवाई करेंगे। तृतीय न्यायिक बेंच पर बिजली , सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, राजस्व के मामले, श्रम वाद सहित अन्य ट्रिव्यूनल के मामले की सुनवाई होगी। इसकी सुनवाई जिला जज द्वितीय निरुपम कुमार एवं पैनल अधिवक्ता आशिष कुमार करेंगे। चौथे न्यायिक बेंच पर सीजेएम कोर्ट से संबंधित मामले की सुनवाई होगी। इसकी सुनवाई मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अर्जुन साव एवं पैनल अधिवक्ता संजीव कुमार करेंगे। पांचवीं न्यायिक बेंच पर एसीजेएम एवं सबजज तृतीय के कोर्ट से संबंधित मामले का निष्पादन होगा। इसकी सुनवाई सबजज तृतीय रेमी प्रफुल्ल बा एवं एलएडीसी अंजन कुमार घोष करेंगे। छठे न्यायिक बेंच पर सबजज तृतीय रेमी प्रफुल्ल बा एवं पैनल अधिवक्ता अरविंद कुमार गुप्ता सुनवाई करेंगे। छठे न्यायिक बेंच पर सबजज चतुर्थ एवं प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी मुक्ति भगत के कोर्ट से संबंधित मामले की सुनवाई होगी। इसकी सुनवाई सबजज चतुर्थ नरेन्द कुमार एवं पैनल अधिवक्ता अंबोद कुमार ठाकुर करेंगे।

ईवीएम तथा भीभीपैट मशीन का प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नाला (जामताड़ा)--जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर नाला प्रभारी कृषि पदाधिकारी निमाई देवांशी की देखरेख व पर्यवेक्षण में टेसजुड़िया सहित विभिन्न विद्यालयों में ईवीएम तथा भीभीपैट मशीन का प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में राजकीय मध्य विद्यालय टेसजुड़िया, उच्च विद्यालय भंडारबेड़ा, कुलडंगाल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बमुनडीहा,कुंजबना, डुमरिया, भेड़ो आदि विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।इस अवसर पर विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर चुनाव में वोटिंग की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी गई। साथ ही ईवीएम का इस्तेमाल की जानकारी दी गई। इस क्रम में छात्र-छात्राओं को बताया गया कि इस मशीन से आप अपना वोट डाल पाते हैं और इसी मशीन से वोट्स की काउंटिंग भी होती है। इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन तथा भीभीपैट की सारी महत्वपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। मौके पर सेविका चायना मंडल,अम्ला हांसदा, शेख नुरमान आदि मौजूद थे।

चेत् आमाक् गेताम दुक दो़

- धार्मेंजय हेम्ब्रम

दुक दो़ उनी कुलीयेम ओ़को़य मित बेला जो़माक् ला़गित् को़को़ये
ओडोक आकाना
दुक दो़ उनी कुलीयेम ओ़को़य
हो़पोन किमिन ताहेन तुलुच्
घारो़ंज खो़ने छुडा़र आकाना
दुक दो़ उनी कुलीयेम ओ़को़य
ओड़ाक् ताहेंन तुलुच् ताहेंन ठा़ंई बाङ ताय,
नोवाको ते आम दो़म कुला़उ गेया एन्ते रे हों
चेत् नोकोवाक् दुक खो़न हों आमाक् दुक दो़ माराङ गेया?

दुक दो़ उनी कुलीयेम
ओ़को़य ताड़ाम जांगा बा़नुक् ताया
दुक दो़ उनी कुलीयेम ओ़को़य साबो़क् ती बा़नुक् ताया
दुक दो़ उनी कुलीयेम ओ़को़य ञेञेल मेंत् बा़नुक् ताया
दुक दो़ उनी कुलीयेम ओ़को़य दो़ जोम ला़गित् मोचा बानुक् ताया,
नोवाको तेमाम पुरा़उ गेया एन्ते रे हों
चेत् नोकोवाक् दुक खो़न हों आमाक् दो़ माराङ गेया?

दुक दो़ उनी कुलीयेम ओ़को़य मित् बेला जो़माक् बाय ञाम एदा
दुक दो़ उनी कुलीयेम ओ़को़य हो़ड़मो दापाल लुगड़ी बा़नुक् ताया
दुक दो़ उनी कुलीयेम ओ़को़य सिसिर दाक् आट ओड़ाक् सा़ड़िम
बानुक् ताया,
नोवाको ते आममाम किसा़ंड़ गेया एन्ते रे हों
चेत् नोकोवाक् दुक खो़न हों आमाक् दो़ माराङ गेया ?

दुक दो़ उनी कुलीयेम ओ़को़य एंगाताक् मुठा़न बाय ञेल आकादा
दुक दो़ उनी कुलीयेम ओ़को़य आपाताक् उमुल बाय ञेल आकादा
दुक दो़ उनी कुलीयेम ओ़को़य मित् बेला दुला़ड़ ञाम ला़गित् हो़ंय
तारसा ता़रसीक् काना,
नोवाको ते आममाम पुरुन गेया एन्ते रे हों
चेत् नोकोवाक् दुक खो़न हों आमाक् दो़ माराङ गेया ?

सदर अस्पताल रे न्यूरो सर्जरी आर क्रिटिकल केयर विभाग एहो़ब रेयाक् प्रस्ताव पारित

खोबोरिया

रांची। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हावाक् बातलाव रे सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार होतेते जा़रूममाहां हिलोक् समाहरणालय ब्लॉक-ए रे मेनाक् सभागार रे अस्पताल प्रबंधन समिति सामान्य परिषदकोवाक् दुपुड़ुप् होय एना। दुपुड़ुप् रे सदर अस्पताल, रांची रे न्यूरोसर्जरी, क्रिटिकल केयर, पीएसएम विभाग एहो़ब सांवते आयमा दारखासकोदो़हो़ केदा। नोवाको मुद रे माड़ाङ रेयाक् एचएमएस रेयाक्‌दुपुड़ुप् रेयाक् गापालमाराव, सदरअस्पताल रेयाक् पथोलॉजी खो़नजो़तो़ प्रखंडको जोड़ाव रेयाक् प्रस्ताव, प्रखंड खो़न ञाम आकानमु यमंत्री अस्पताल

दो़हो़-जो़तो़न योजना सांव जोड़ाव प्रस्ताव, एचएमएसरेयाक् एग्जीक्यूटिव बॉडी गो़ठो़न आरोय, कैथ लैब इस्टैब्लिशमेंटसांव जोड़ाव प्रस्ताव पारित, सदर अस्पताल रेयाक् इक्विपमेंट मेन्टेनन्स ला़गित् एएमसी-सीएमसी रेयाक् गोटा, सदर अस्पताल रांची रे न्यूरो सर्जरी, क्रिटिकल केयर आर पीएसएम विभाग एहो़ब रेयाक् प्रस्तावकोपारित केदा। दुपुड़ुप् रे रिस निदेश रेन आ़युरमांडेर, उपाधीक्षक सदर अस्पता, अपर मु य चिकित्सा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधकसदर अस्पताल, डीपीएम, राम कृष्ण मिशन रेन प्रतिनिधि, शिशु रोगविशेषज्ञ सदर अस्पताल, यूनिसेफ रेन आ़युर मांडेर आर पदाधिकारीको सेटेराकान ताहेंकाना।

कोडरमा घाटी रे ट्रेलर आर टेराक ठो़को़रेन रे डायबो़र आर खलासीकिन घा़ल एना

खोबोरिया

कोडरमा। कोडरमा थाना टोठ रेयाक् घाटी रे मेनाक् नौवा माइल सोर रे ट्रेलर आर टेराक ठो़को़रेन रे डायबो़र आर खलासीकिन घा़ल एना। ओड़ाक्‌किन रे शिवा सिंह 20 उमा़र रेन गोरखपुर खो़न, यूपी आर विशाल कुमार 23 उमा़र, स्टील सिटी, बोकारो खो़नकिनबाडाय आकाना। बाडायाकान लेकाते टेराक रे धनबाद खो़न कोयला लोड काते यूपी सेच् सेनो़क्‌कान ताहेंना। कोडरमा घाटी रे नौवा माइल सोर रे मित्‌टेन ट्रेलर लाहा खो़न तेंगो ताहेंकाना। टेराक तायो़मखो़न ठो़को़रेन ते टेराक डायबो़र आर खलासीकिन घा़ल एना। बाडाय सांवते पुलिस दो़ बानार घा़लकिन कोडरमा सदर हासपाताल तेय सेटेर एना। नो़ते, मित् एटाक् घो़टो़ना रे मेघातरी रे मित्‌टेनटेराक बाङ सामबड़ावलेन ते उलटा़उ एना। टेराक दो़ कबाड़ी लोहा लोड काते बिहार सेच् सेनो़क्‌कान ताहेंना। मेघातरी पुल सोर रेसेटेरेन रे टेराक दो़ बाङ सामबड़ाव लेना। इना़ तायो़म टेराक साको़ खो़न लातार रे उलटा़उ एना। नोआ घो़टो़ना रे टेराक रेन डायबो़र का़टिच् चालाङ ला़गित्‌ए बाञ्चाव एना।

स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस रेय चापात् केदा धिरी, एसी बोगी रेयाक् रा़पुत् एना खिड़की रेयाक् कांच

खोबोरिया

पटना। बिहार रेयाक् समस्तीपुर रे जयनगर खो़न दिल्ली चालाक्‌कान स्वतंत्र सेनानी एक्सप्रेस (12561) रे मित् हो़ड़ उपा़र रे धिरी ते लचापात् आकात् रेयाक् मामला सो़दो़राकाना। नोआ ताला रे मित्‌टेन एसी बोगी रेयाक् कांच दो़ रा़पुत् चाबायेना। आर से नो़ते, पैंट्री कार रेयाक् कांच हों रा़पुत् एना। घो़टना तायो़म आरपीएफ रेनटीम दो़ जांच रेको जुटा़वेना।

स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस दो़ आपनार निट सो़मो़य 08:55 रे समस्तीपुर खो़न जेमो़न गे लाड़ावेना, प्लेटफॉर्म रे ताहेंकान मित् हो़ड़ दो़ धिरी ते ट्रेने चापात् केदा। ओना तायो़म ट्रेन दो़ तेंगोयेना। घो़टना रेयाक् खो़बो़र ञाम तायो़म आरपीएफ

रेन टीम दो़ ट्रेन रे जांच ला़गित् ओन्डेको सेटेरेना। जांच तायो़म ट्रेन दो़ लाड़ाव रूवा़ड़ेना। ट्रेन रे बा़ड़िच् आकान शीशा दो़ मुज फ्फरपुर रेको जुत केदा। आरपीएफ इंस्पेक्टर दो़य ला़ई केदा जे जांच रे नोआ काथा बाडायेना जे प्लेटफॉर्म रे ताहेंकान मित्‌टेन पागला हो़ड़ दो़ स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस रेय चापात् लेदा, ओना रेयाक् सीसीटीवी फुटेज सो़दो़रेन तायो़म पागला दो़ स्टेशन खो़नको लागा केदेया। ओनका दो़ रेलवे मिमित् जिनिस जांच रेय जुटा़वाकाना।

पोर्श कांड दोड़्हा ते डामडा़हीयेना, दुसी दो़य मेनेत् काना पाड़्हाक्, कोर्ट ठेने सो़दो़र केदा मो़ने

खोबोरिया

पुणे। महाराष्ट्र रेयाक् पुणे पोर्श कांड ओका दो़ गोटा दुनिया रे डामडा़हीक् रेयाक् बिसो़य बेनावाकान ताहेंकाना नित दो़ आरहों खुप् ञुमुगो़क् काना। नोआ कांड र नाबालो़क दुसी दो़ दोड़्हा ते अदालतरेयाक् दुवा़रे ठो़को़ठो़को़ आकादा आर नोआ धाव उनी दो़ कोर्ट ठेन पाड़्हाक् रेयाक् मो़नेय सो़दो़र केदा उनी दो़ बीबीए ला़गित्‌एमेनेत् काना। चेदाक्‌जे मामला दो़ ट्रायल रे मेनाक्‌आ, ओना इया़तेकोर्ट खो़न एनओसी एमाय रेयाक्‌ए नेहो़र आकाना। पुणे पोर्श मामला रे नाबालो़क दुसी रेन वकील दो़ किशोर न्याय बोर्ड रे मित्‌टेन याचिकाय दायर आकादा नोआ रे उनी दो़य ला़ई आकादा जे नाबालो़कदुसी दो़ दिल्ली मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट रे एडमिशन बाय हाताव दाड़ेयाक् काना, चेदाक्‌जे संस्थान दो़य मेनेत् काना जे माड़ाङ रे जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड सेच् खो़न अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) आ़गु काते एमो़क्‌मे। हें मेनखान, तायो़म ते नाबालो़क रेन वकील दो़ याचिका दो़य हाताव रूवा़ड़ केदा आर ओना तायो़म रेयाक् तर्क हो़ंय एम एना।वकील दो़य मेन केदा जे

नाबालो़क सेच् खो़न यात्रिका रेय मेन आकादा जे उनी दो़ लाहा सेयाक् पाड़्हाक् पुरा़वे मेनेत् काना, ओना ला़गित् ते उनी दो़ दिल्ली रे मेनाक् संस्थान रे बीबीए (बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) पाठ्यक्रम रे एडमिशनो़क् ला़गित्‌ए खो़ज लेदा मेनखान संस्थान दो़ उनी एनओसी आ़गुय ला़गित्‌ए मेन आकावादेया।

बहराइच काना से बीर, तोवा नुनुवाय तुलुच् एंगाताक् हो़बो़र खो़न हाडगार दो़य खामचाव केदेया गिदरा़

खोबोरिया

बहराइच। नोआ दो़ ओना जिला काना ओका रे दो़ ता़रूप्, हाडगार, सोनाछीता़, तोयो सांव-सांवते आयमा बिर जानवार जाव गेको ञेलो़क् काना। नोको बिर जारवार ञेल ते जावगे हो़ड़ दो़ मजाक रेको मेना जे नोआ दो़ बहराइच बिर काना। नोआ काथा दो़ उन रेयाक् काना तिन दो़ एंगाततेत् आच् रेन गिदरा़ तोवाय नुनुवायकान ताहेंकाना उन ओ़कते गे हाडगार दो़य हेच् एना आर एंगाततेत् ठेन खो़न गिदरा़ दो़य खामचाव आ़तकिर केदेया। एंगाततेत् दो़ खुप्‌ए का़उमा़उ केदा खान हाडकार दो़ ओन्डे खो़ने दा़ड़ केदा।

बहराइच महसी टोठा रे बारया का़टिच् गिदरा़ उपा़र रे हाडगार दो़य हमला आकदा। बानार गिदरा़ हो़टो़क् रेय गेर आकात्‌किना। ओ़को़यकिन गिदरा़ उपा़र रे हाडगारे हमला आकादा, उनकिन दो़ मामा ताको ओड़ाक् तेकिन हेच् आकान ताहेंकाना। गिदरा़वाक् ञुतुम दो़ आरुष काना, जाहांय दो़ एकेन 6 चान्दो रेन कानाय। आर से नो़ते दोसारिच् गिदरा़वाक् ञुतुम दो़ ममता काना। ममता उपा़र रे हाडगार दो़ उन ओ़कतेय हमला केदा, तिन दो़ एंगाततेत् उनी तोवाय नुनुवायकान ताहेंकाना। एंगाततेत् दो़य का़उमा़उ केदा ओनाते हाडगार दो़

ओन्डे खो़ने दा़ड़ केदा। आक-बाक रे बानार गिदरा़ दो़ अस्साल तेको इदि केत्‌किना। नित बानार गिदरा़वाक् हालो़त दो़ ठीक गेको ला़येत्‌काना। बाडाय काथा काना जे हाडगाराक् हमला ते नित हा़बिच् ते 10 हो़ड़को गो़च् चुका़वाकाना आर से नो़ते 50 खो़न जा़सती हो़ड़को जो़खो़म चुका़वाकाना। मोटामुटी मित् चान्दो खो़न वन विभाग रेन टीम दो़ बहराइच रेको ताड़ांक् आकाना। नोआ छाडा बहराइच रे गे सोनाछीता़ दो़ 13 बो़छो़र रेन गिदरा़ हो़टो़क् रेय गेर केदेया। उनीयाक् हालो़त दो़ आ़डी मुसकिल गेताया। उनी दो़ लखनऊ तेको रेफ्रआकादेया। आर से नो़ते मित्‌टेन हो़ड़ उपा़र रे खेत रे का़मीयओ़कते सोनाछीता़वाक् दो़य हमला केदा हमला रे हो़ड़ाक् बानार ती जो़खो़मेन ताया। उनीयाक् हों रान-मुरगा़न मेडिकल कॉलेज रे चालाक् काना। उत्तर प्रदेश रेयाक् बहराइच जिला रे हाडगाराक् हमला दो़ बाङ गे थिरूक् काना। नोआ ताला रे सोनाछीता़ आर ता़रूप् हो़ंको हमला आकात् रेयाक् खो़बो़र बाडायो़क् काना। नो़ंका बुझा़क् काना जे बहराइच रे दो़ जंगलराज मेनाक् आकादा। जिला रे महसी तहसील टोठा रेयाक् मोटामुटी 80 गो़टेच् आतो रे हाडगार दो़ नुना़क् साहो़ंस ढेर आकान ताकोआ जे वन विभाग रेयाक् ता़नखी आर आतोहो़ड़को ताड़ांक् आकान रे हों ओड़ाक् रे बो़लो़ कातेकोहमलायेत् काना। वन विभाग दो़ भले गे मो़ड़ें गो़टेच् हाडगारको साप् आकात्‌कोआ मेनखान सारेच् आकान मित्‌न हाडगार दो़ हो़ड़ खुप्‌ए मुसकिल आकात्‌कोआ। सा़रदीमाहां हिलोक् जिन्दा़ हाडगार दो़ दोड़्हा ते बारया गिदरा़ उपा़र रेय हमला आकादा।

28 सितंबर हिलोक् पलामू रेयाक् शिवाजी मैदान रे भाजपावाक् परिवर्तन यात्रा मुचा़दो़क्‌आ, शिवराज ए ताहेंना

खोबोरिया

पलामू। भाजपावाक् परिवर्तन यात्रा दो़ पलामू प्रमंडल ता़री तेयाक् सेमेलेत् शिवाजी मैदान रे 28 सितंबर हिलोक् मुचा़दो़क्‌आ। नोआ का़मीहो़रा रे आसो़ल पेड़ा केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मु यमंत्री आर बीजेपी रेन प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधानसभा रे नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी एमानको सेलेदो़क्‌आ। तारासिञ बार बजे खो़न शिवाजी मैदान रे का़मीहो़रा ओराम आकाना। 2.5 बजे शिवराज सिंह चौहान आर अमर बाउरी ता़किन चियांकी हवाई अड्डा रे हेलीकॉप्टर तेकिन फेड़ो़क्‌आ। 2.25 बजे सभा ठा़ंई शिवाजी मैदान रेकिन सेटेरो़क्‌आ। 3.25 बजे चियांकी हवाई अड्डा तेकिन रूवा़ड़ा आर रांची तेको मोहण्डाक्‌आ। मुचा़त् सेमेलेत् ला़गित्‌पलामू रेन सांसद बीडी राम, बीजेपी रेन प्रदेश मंत्री मनोज सिंह, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी आर

डालटनगंज रेन विधायक आलोक चौरसिया दो़ सोकोलवार हिलोक् शिवाजी मैदान रे नोवाको ला़ई केदा। सांसद दो़य मेन केदा जे पो़नो़त सरकार ओ़चो़गे ला़गित् परिवर्तन यात्रा दो़ चालाक् काना। नोआ दो़ पलामू प्रमंडल ता़री रे शनिवार हिलोक् मुचा़दो़क्‌आ। नोआ यात्रा ओ़कते टोठाको रेन हो़ड़ाक् ओका लेकाते सो़मो़रथो़न ञाम एना, ओना लेकाते बुजहा़क् काना जे पो़नो़त सरकार ओ़चो़गे रे हो़ड़को दो़ पक्ष रे मेनाक्‌कोआ। केन्द्र सरकार होतेते वृद्धा पेंशन रिलीज आकाना मेनखान झारखंड सरकार नोआ हा़टिञ रे अडंगाय डालाव दो़हो़वाकादा। लागातार पेंशन बाको ञामेत् ला़लिस सामाङ हिजुक् काना। डालटनगंज रेन विधायक आलोक चौरसिया दो़य मेन केदा जे विस टोठा रेयाक् जो़तो़ 426 बूथ खो़न का़मिया़को आर सो़मो़रथो़कको नोआ परिवर्तन रैली रेको सेलेदो़क्‌आ। बीजेपीयाक् आयमा नोडकान योजनाको मेनाक्‌आ, ओका दो़ पो़नो़त सरकार दो़य बो़न्दो़ ओचोवाकादा। नोआ ते हो़ड़को आ़ड़िस आकाना।

तेंगो केटेच् आकान मायजीवको ते गे सोमाज दो़ लाहाक्‌आः शिल्पी नेहा

खोबोरिया

रांची। मांडर ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की दो़य मेन केदा जे तेंगो केटेच् आकान मायजीवको ते गे सोमाज दो़ लाहा दाड़ेयाक्‌आ आर बाङखान दुनिया़ रेयाक् जाहांन दाड़े गे सोमाज से दिसा़म आर से घारो़ंज दो़ ओ़हो़ गे लाहा दाड़ेयाक्‌आ। तिर्की दो़य मेन केदा जे तेहेञ सोमाज रे जो़तो़ खो़न जा़सती ला़कती दो़ मायजीवको जागवारको ला़गित् पो़रचार-पो़रसार रेयाक् मेनाक्‌आ आर नोआ ला़गित् दो़ खुद मायजउ गे जो़तो़ खो़न माराङ का़मी दो़को दाड़ेयाक्‌आ।

मांडर प्रखंड रेयाक् मंदरो रे झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) रेन महिला समूहकोवाक् दुपुड़ुप् रे जा़रूममाहां हिलोक् तिर्की दो़य मेन केदा जे मायजीवको तेंगो केटेच्‌को ला़गित् सरकार दो़ मिमित् टान्डी रे ओनको सोंगे तेंगो आकान मेनाया। तिर्की दो़ आपनार विधानसभा टोठा रेयाक् बेड़ो प्रखण्ड रेयाक् जहानाबाद रे चबूतरा बेनाव आर स्कूल खो़न आंगनबाड़ी हा़बिच् पीसीसी डाहार बेनाव रेयाक् हो़ंय रेहेत् केदा आर ओन्डेको सेटेरेन हो़ड़ सोंगे ओनकोवाक् मुसकिलाक्‌को बाबो़त रेय गालमाराव केदा।

चतरा डीसी दो़ चौकीदार बहाली बिनिड़ा़उ ला़गित्‌ए हुकुम बातलावात्‌कोआ

खोबोरिया

चतरा। चतरा डीसी रमेश घोलपआक् आ़युर रे 28 सितंबर हिलोक् आरे बजे खो़न 10.30 बजे हा़बिच् होयोक्‌आक् चौकीदार बहाली बिनिड़ा़उ मो़ंज ते ञेल सामबड़ाव ला़गित् समाहरणालय सभागार रेय दुपुड़ुप् केत्‌कोआ। डीसी दो़य मेन केदा जे मो़ंज ओ़नो़रो़ल रेनिष्पक्ष आर कदाचार मुक्त बिनिड़ा़उ होय ओचोय रे आबो जो़तो़कोवाक्‌जिमा़भारी काना। ओ़नमानको ओ़कते नो़को़ल तुलुच्‌को ञामेना तो़बेकेटेच् ते कार्रवाई होयोक्‌आ। चौकीदार बाहाली बिनिड़ा़उ रे विधि बेबो़सता बानाव दो़हो़य ला़गित् बिड़ा़उ ओड़ाक् रे जो़तो़ बाछावाकान दण्डाधिकारीको आपान आ़पिनाक् का़मी सही ता़रीका ते पुरा़उरेयाक्‌ए हुकुमात्‌कोआ। डीसी दो़ केंदाधीक्षक आपान-आ़पिन बिड़ा़उ केंद्र रे सीसीटीवी अधिष्ठापित ओचोय आर ओनकोवाक् मॉनिटरिंग, बिड़ा़वियाको ला़गित् जुई दाक् बेबो़सता, बिड़ा़उ ओड़ाक् रे मारसाल, शौचालय आर आसो़ल जा़रूड़ाक्‌को बेबो़सता दो़हो़ गोटाय रेयाक्‌ए बुद बातलावात्‌कोआ। सांवते गे केंद्र रे

सो़मो़य रे गे कुकली साकाम आर उता़र साकाम इदी सेटेराको ला़गित् जो़तो़ लाहा रे गे पुरा़उ रेयाक्‌ए हुकुमात्‌कोआ।

कार्यालय– अधीक्षक फुलो–झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, (PJMCH)दुमका

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना सं0 04/2024–25 (2nd Call)

फुलो–झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, (PJMCH) दुमका के प्रयोजनार्थ विभिन्न प्रकार के प्रिटिंग मैटेरियल्सफार्म इत्यादि मुद्रण कर आपूर्ति हेतु न्यूनतम दर निर्धारण के लिए निविदा प्रकाशित की जाती है। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 04.10.2024 के अपराह्न 1:00 बजे तक होगी। इच्छुक निविदादाता निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक निविदा समर्पित कर सकते हैं। सभी प्राप्त निविदा दिनांक 04.10.2024 को ही अपराह्न 2:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कर्यालय के प्रकोश्ट में क्रय समिति के समक्ष खोला जाएगा। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।निविदा की शर्तें तथा प्रिटिंग मैटे रियल्स, फार्म इत्यादि की सूची वेबसाइट www.dumka.nic.in पर देखी जा सकती है।

अधीक्षक
PR 337431 (Health Med Edu and Family Welfare)24-25*D फुलो–झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय सिंचाई प्रमण्डल, पाकुड़

अतिअल्पकालीन ई– प्रोक्योरमंट सूचना

सूचना संख्या-**WRD/IRR.DIV.PAKUR F2-13/2024-25** **Date – 26.09.24**

1. विज्ञापन दाता का नाम – कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमण्डल, पाकुड़।
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि – 28.09.2024 के 11:00 बजे पूर्वाह्न से।
3. निविदा अभिलेख प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 03.10.2024 को 5:00 बजे अपराह्न तक।
4. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय – 05.10.2024 को 1:00 बजे अपराह्न में।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता – सिंचाई प्रमण्डल, पाकुड़।
6. योजना मद का नाम – डी0एम0एफ0टी ।
7. प्रोक्योरमंट अधिकारी का संपर्क नं0 – 9931811963
8. ई–प्रोक्योरमंट सेल का हेल्प लाईन नं0 – 9643269068

कार्य का विस्तृत विवरणीः–

क0 सं0	ग्रुप सं0	योजना का नाम	प्रखण्ड का नाम	प्राक्कलित राशि (रु0 में)	अग्रधन की राशि (रु0 में)	परिमाण विपत्र की राशि (रु0 में)	कार्य समाप्ति की अवधी
1		2	3	5	6	7	8
1	01	पंचायत– घाघरजानी,ग्राम– रामनाथपुर में पी0डब्लू0डी0 सड़क से रामनाथपुर ग्राम तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	हिरणपुर	2470000.00	50000.00	5000.00	90 दिन।
2	02	पंचायत मंझलाडीह ग्राम– षहरपुर में पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	हिरणपुर	24,96,870.00	50000.00	5000.00	90 दिन।

9. सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार किये जाएंगे ज्यादा जानकारी http://jharkhand tender.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।
10. केवल ई–निविदा ही स्वीकार्य होगा। प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकता है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगा।
11. विभागीय पत्रांक–430 दिनांक 19.11.2020 के अनुसार निविदित दर अनुमान्य दर से 10 प्रतिशत से अधिक नीचे दिये जाने पर 10 प्रतिशत से नीचे के दर पर Additional Performance security देय होगी।
12. परिमाण विपत्र एवं EMD की राशि केवल Online माध्यम से ही स्वीकार्य होगा।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमण्डल, पाकुड़
PR 337297 (Irrigation)24-25*D

गंदगी के साए में मां शक्ति का आराधना करने को विवश है नगरवासी

नवरात्र के शुरू होने से पूर्व ही नगर परिषद साफ सफाई व्यवस्था को कर लेगा दुरुस्त : शीतांषु

एस. के. झा.सुमन

दुमका। अगले हफ्ते से नवरात्रि की शुरुआत होने जा रही है। इस मौके पर कई किस्म के आयोजन शहर में किए जाएंगे। शहर में यज्ञ मैदान सहित दर्जनों स्थलों पर मां दुर्गा का प्रतिमा स्थापित करने को लेकर तैयारी जोरों शोरों से चल रही है। नवरात्र मेले और दुर्गा पूजाओं का क्रेज देखने को मिलता है। नगरवासी अलग-अलग तरीकों से नवरात्रों का आयोजन होता है। लेकिन साफ सफाई को लेकर नगर परिषद की भूमिका को लेकर वार्ड नंबर 15 के लोग परेशान हैं। वे कहते हैं कि कूड़ा कचरा का निस्तारण ढंग से नहीं हो पा रहा है। कचरे के दुर्गंध से जीना मुहाल हो गया है। गंदगी से निकलनेवाली बदबू से मोहल्लेवासी परेशान हैं। मच्छरों के आतंक से परेशान है। लगातार झमाझम बारिश से मोहल्ले वासी परेशान है दूसरी तरफ नाली की सफाई नगर परिषद द्वारा नहीं करने पर मलेरिया और डेंगू जैसी अन्य बीमारी का खतरा बढ़ता जा रहा है। एक तरफ नगरवासी को नवरात्र को लेकर उत्साह है पर श्रद्धालुओं को स्ट्रीट लाइट और सड़क पर पसरा गंदगी को लेकर सबसे अधिक परेशानी हो रही है। गंदगी की सफाई नहीं किए जाने से बुद्धिजीवी, समाजसेवी व मोहल्लावासियों में असंतोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि नगर परिषद प्रशासन अपने कर्तव्यों से भटक गई है।नगर परिषद का दावा हवा-हवाई साबित हो रही है। आने जाने वाले रास्ते पर पसरी गंदगी, इस बात की गवाही दे रहा है।

क्या कहते हैं नगरवासी

नया पाड़ा वार्ड नं 15 में वर्षों से नालों की सफाई नहीं हुई है। ए टीम ग्राउंड के बगल में जो मुख्य नाला को वर्षों पहले पक्के सीमेंट के स्लैब से ढंक दिया गया था फिर उसके बाद उस मुख्य नाले की कभी सफाई नहीं होती है द्य कूड़े, पॉलीथिन से कई जगह नाला जाम है जिससे वर्षा होनें पर नाले का पानी सड़क और गलियों में बहता है तथा कई घरों में नाले का पानी चला जाता है ।

प्रदीप भालोटिया, नयापाड़ा, दुमका।

सिटी बजाकर कचरा उठता तो है पर डंप कचरे का उठाव समय पर नहीं होने के कारण काफी दुर्गन्ध का सामना करना पता है। त्योहार का समय आ चुका विभाग से आग्रह है की सड़क किनारे उगे हुए जंगली घास की सफाई के साथ पोलों पर लगे लाइट को ठीक करवाने की पहल करे।

राजकुमार सिंह, वार्ड नंबर 15।

नया पाड़ा वार्ड नं 15 में मच्छरों ने आतंक फैला रखा है । नालियों की सफाई नहीं होनें के कारण नालियों में मच्छरों का स्थायी घर बन गया है द्य यहाँ ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, इस वर्ष एक बार भी नहीं हुआ है ।मच्छरों के कारण मलेरिया तथा डेंगू जैसी खतरनाक बीमारियों का भय हमेंशा बना रहता है।

रेणु देवी,वार्ड नं 15 दुमका।

दुर्गा पूजा कुछ ही दिनों में शुरू होने वाली है। नालियों में गंदगी से भरा पड़ा है। सफाई नहीं होने से पानी का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। सड़कों में गंदगियों का अंबार है। जल्द से जल्द सफाई नहीं की गई तो डेंगू जैसे बीमारी दस्तक दे रही है। जल्द से जल्द नगर परिषद को गंभीरता दिखाकर कार्य जल्द से जल्द करनी चाहिए। नवरात्रि करने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह का दिक्कत ना हो इसका पूरा ध्यान नगर परिषद प्रशासन को करनी चाहिए।

रंजन भालोटिया, नयापाड़ा

नया पाड़ा वार्ड नं 15 की सफाई व्यवस्था बिल्कुल दयनीय है । नगर निगम के तरफ से कूड़ा उठाने वाला कर्मी कभी-कभी आता है और कुछ जगहों से ही कूड़ा उठाकर चला जाता है द्य जगह- जगह कूड़े का ढेर जमा हुआ है । रात में तो स्थिति और भी खराब हो जाती है क्योंकि बहुत से स्ट्रीट लाइट खराब हैं और सड़क पर अंधेरा रहता है। इसलिए सफाई सम्बंधित सभी लोगों से मेरा आग्रह है कि जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था को तथा स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त किया जाय।

आलोक शंकर उपाध्याय (वारिष्ठ नागरिक) निवासी, नया पाड़ा वार्ड नं 15 दुमका

मच्छरों के आतंक को रोकने के लिए फॉगिंग की जो व्यवस्था थी वो व्यवस्था पुनः लागू हो साथ ही ब्लीचिंग पाउडर का भी पुरे वार्ड में छिड़काव पूजा से पूर्व हो तो मेहरबानी होगी।

राकेश सिंह, नयापाड़ा।

क्या कहते हैं अधिकारी

दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर नगर परिषद युद्ध स्तर से कम कर रहा है। शहर में कचरा उठाव के लिए 20 लेबर पॉइंट चिन्हित किया गया है। 11 में सफाई हो चुका है बाकी बचे पूजा के पूर्व कर लिया जाएगा। शहर के मुख्य जगह अग्रसेन भवन, यज्ञ मैदान के दोनों तरफ, जिला स्कूल, रखावनी, इंडियन गैस,टाटा शोरूम, शिव सुंदरी रोड सहित अन्य जगहों पर सफाई का काम कर लिया गया है। कलश स्थापना के पूर्व ही तालाब की साफ सफाई की जा रही है। जिससे श्रद्धालुओं को कलश स्थापना में किसी तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े। दुर्गा पूजा पूजा पंडाल के आयोजकों से पानी टैंकर, डस्टबिन और स्ट्रीट लाइट की मांग के अनुसार कार्य किया जा रहा है। फागिंग व्यवस्था के लिए नगर परिषद को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि मात्र एक ही है और 21 वार्ड हैं । इसको लेकर रिक्विजिशन विभाग को जल्द भेजा जाएगा।

शीतांषु खालको, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, दुमका

देवघर एम्स ने विश्व बधिर दिवस के अवसर पर निःशुल्क श्रवण यंत्र वितरित किया

देवघर। एम्स देवघर के ईएनटी विभाग ने 27 सितंबर को विश्व बधिर दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया,जिसका उद्देश्य श्रवण दोष के बारे में जागरूकता बढ़ाना और प्रभावित लोगों को पुनर्वास सहायता प्रदान करना है। लेक्चर थिएटर हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में एम्स देवघर के कार्यकारी निदेशक और सीईओ प्रोफेसर (डॉ.) सौरभ वार्ष्णेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने प्रेरक संबोधन में डॉ. वार्ष्णेय ने विशेष रूप से बुजुर्गों में श्रवण हानि का शीघ्र पता लगाने और उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में डीन ऑफ रिसर्च डॉ. प्रतिमा गुप्ता और डीन ऑफ एकेडमिक्स डॉ. हरमिंदर सिंह सहित कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे, जिन्होंने इस कार्यक्रम के महत्व को और बढ़ाया। दिन का मुख्य आकर्षण एएलआईएमसीओ द्वारा प्रायोजित निःशुल्क श्रवण सहायता वितरण कार्यक्रम था, जिसमें 45 लाभार्थियों को श्रवण सहायता के साथ-साथ वॉकिंग स्टिक, लम्बर ब्रेसेस और घुटने के ब्रेसेस दिए गए।

कब्बड़ी टीम को डॉ सुनील ने किया सम्मानित

देवघर संताल एक्सप्रेस । 16वीं झारखंड राज्य पुलिस प्रतियोगिता 2024जो की खेल गांव में 23 सितंबर से 25 सितंबर तक आयोजित था।उसमे झारखंड के सभी प्रमंडल के 8 जोन के खिलाड़ी भाग लिए थे।उसमे संथाल परगना के टीम कब्बड़ी में लगातार 13वां साल सवर्ण पदक जीता।इस में मुख्य रूप से राहुल कुमार चंदन ,अशरफुल अली खान , मोनू,रमन सिंह,राकेश , रंजीत,सौरभ कुमार,चंदन ठाकुर,अवध कुमार,शेष नाथ पासवान खिलाड़ियों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर ये पदक जीता।कोच की भूमिका में नीलमणि पासवान पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी जो की 5 साल से लगातार इस टीम को प्रक्षिशन दे रहे है।इस जीत पे देवघर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष सह देवघर जिला कब्बड़ी संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े ने सभी का देवघर आगमन पे पुष्प गुच्छ और सॉल देकर सम्मान देते हुए कहा की ये बहुत गर्व का बात है ये सभी खिलाड़ी देवघर से हीं हैं।खेल के लिए किसी प्रकार का दिक्कत कठिनाई हो तो उसका निवारण किया जाएगा।और तीसरा कबड्डी प्रीमियर लीग जल्द से जल्द कराने की बात कही। इस मौके पे ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह,राकेश पांडेय,आलोक कुमार ,आशुतोष कुमार उर्फ जिम्मी, प्रकाश भारद्वाज मौजूद थे।ये जानकारी ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा ने दिया

इनर व्हील क्लब ने लगाएं पेड़

देवघर संताल एक्सप्रेस । इनर व्हील क्लब ऑफ देवघर और फूड एंड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट देवघर ने संयुक्त रूप से आज वर्ल्ड टूरिज्म डे के अवसर पे फूड एंड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट के कैंपस में 130 प्लांट्स लगाएं गए।जिसके मुख्य अतिथि डीसी विशाल सागर थे।कार्यक्रम की शुरुवात को डीसी के हाथों पहला पौधा लगा कर किया गया साथ ही फूड एंड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट के प्रिंसिपल निरपेंद्र सिंह लिंवाल और लेक्चररल डॉ श्वेता लिंवाल,इनर व्हील क्लब की प्रेसिडेंट अर्चना भगत और सेक्रेट्री कंचन मूर्ति साह , पर्यावरण पुरुष जो प्लांटेशन के मिशाल हैं।पियूष जयसवाल एवम रेडक्रास सोसायटी के कार्यकारिणी सदस्य महेश ने अपने हाथों पौधा लगाया साथ ही क्लब की मेम्बर्स सरिता अग्रवाल, रश्मि रंजन, ज्ञानी मिश्रा, मिनी दास, सरिता रानी, प्रीती जयसवाल सभी ने प्लांट्स लगाया इनर व्हील क्लब पर्यावरण के लिए हमेशा ही प्रयास रत रहता है और आज वर्ल्ड टूरिज्म डे पे इनर व्हील क्लब ऑफ देवघर ने 130प्लांट्स लगा कर इस डे को सेलिब्रेट किया जिसमें 90 फलदार प्लांट थे और बाकी छायादार पेड़.. धरती को बचाना है तो प्लांट्स हमे लगाना है।

मनरेगा कर्मचारी संघ का हड़ताल जारी

देवघर। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर वादा निभाओ स्थायी करो सत्याग्रह आंदोलन के तहत देवघर मनरेगा कर्मचारी संघ भी लगातार 68वें दिन शुक्रवार को कचहरी परिसर स्थित सूचना भवन के समक्ष अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर धरना स्थल पर डटे रहे। इस संबंध में संघ के जिला सचिव विजय कुमार ने कहा कि सरकार मनरेगा कर्मियों का अतिअल्प मानदेय देकर शोषण कर रही है। इस अवसर पर धरने पर परिमल कुमार, अशोक कुमार, राकेश मिश्रा, जियालाल अवस्थी, मो. साजिद, उदय पांडेय, प्रदीप कुमार, बिनोद कुमार सिंह, मुकेश कुमार दुबे, जनार्दन प्रसाद यादव, अमर राम, रंजीत कुमार, हृदय नारायण सिंह, चन्द्रकांत, भुदेव राव, प्रवीण कुमार, चन्द्रशेखर वर्मा, केवल प्रसाद, बिरेन्द्र मिश्रा, राजेश कुमार वर्मा, सुरेन्द्र दास, नरेन्द्र कुमार सिंह, राजेन्द्र कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

मन की बात एवं परिवर्तन यात्रा के समापन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक

परिवर्तन यात्रा केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, क्षेत्र के विकास, समृद्धि और सशक्तिकरण का प्रतीक : सत्येंद्र

दुमका ब्यूरो

दुमका। भाजपा के दुमका जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष गौरवकांत की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक हुई। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने और आगामी रविवार को संथाल परगना में होने वाले परिवर्तन यात्रा के ऐतिहासिक समापन कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ लुईस मरांडी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 30 सितंबर के समापन समारोह में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। यह समापन कार्यक्रम संथाल परगना में भाजपा के विजयी अभियान को नई गति देने और क्षेत्र में परिवर्तन की लहर को सशक्त बनाने का अवसर है। इस कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सरकार की विफलताओं को जनता के बीच रखने एवं आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है।

बैठक में दुमका विधानसभा प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने कहा कि संथाल परगना में परिवर्तन यात्रा केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह क्षेत्र के विकास, समृद्धि और सशक्तिकरण का प्रतीक है। यह यात्रा जनता के बीच भाजपा की लोकप्रियता और नीतियों की सफलता का प्रतिबिंब है।

जामा विधानसभा प्रभारी सीताराम पाठक ने संगठन के महत्व और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि संथाल परगना की धरती पर यह परिवर्तन यात्रा एक नए युग की शुरुआत है।

मिडिया प्रभारी पिंटू अग्रवाल ने बताया कि बैठक में जामा से पूर्व प्रत्यासी सुरेश मुर्मू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य परितोष सोरेन, अंजुला मुर्मू, अमिता रक्षित, जिला महामंत्री मनोज पांडे, पवन केसरी, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बिट्टू, मार्शल ऋषिराज टुडू, पिंटू साह, जिला मंत्री सोनी हेंब्रम, गुंजन मरांडी, जिला मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू, सोशल मीडिया प्रभारी गोपीनाथ दत्ता, दीपांशु कुमार, धुर्वज्योति महंत, कार्यालय मंत्री दिनेश सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रूपेश मंडल, अनुसूचित जाति अध्यक्ष श्रीधर दास, अनुसूचित जनजाति अध्यक्ष रमेश मुर्मू, महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता साह, नगर अध्यक्ष अमित रक्षित, गांदो मंडल अध्यक्ष गणपति पाल, सदर मंडल अध्यक्ष मणिलाल गिरी सहित सभी मंडलों के अध्यक्ष उपस्थित थे।

दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

सोशल मीडिया पर रहेगी विशेष निगाह, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई : डीसी

संवाददाता

दुमका । इंडोर स्टेडियम दुमका में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में शुक्रवार को दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई । बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले में धूमधाम से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जायेगा, इस बार श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल सकती है। इसलिए अलर्ट मोड में रहते हुए छोटी-बड़ी सभी बातों पर ध्यान रखना होगा। संबंधित क्षेत्र के बीडीओ- सीओ व थाना प्रभारी पूजा पंडालों का निरीक्षण कर सुनिश्चित करें कि सभी पूजा पंडाल में अग्निशमन की व्यवस्था हो।अलग-अलग प्रवेश व निकास द्वार बनाये जाएं। पंडाल व आसपास सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था निश्चित रूप से रहे। उन्होंने कहा कि डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी पूजा समिति डीजे नहीं बजायेंगे।निदेश दिया कि सभी डीजे संचालक को इस संदर्भ में सूचना दे दी जाय।साथ निर्धारित रुट से ही प्रतिमा का विसर्जन करेंगे। कोई भी पूजा समिति अगर निर्धारित रुट का पालन नहीं करते हैं तो उनपर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कहा कि समिति के लोग यह सुनिश्चित करें कि शराब या नशीले पदार्थ का सेवन कर कोई भी व्यक्ति विसर्जन के दौरान पानी मे नहीं जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफॉर्म यथा फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि के माध्यम से अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

नए पर्यटन स्थल को चिन्हित कर डीपीआर करें तैयार : डीसी

दुमका । जिला उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं नए पर्यटन क्षेत्रों के विकास को लेकर गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने जिले के अधिसूचित पर्यटन क्षेत्रों के विकास को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला खेल पदाधिकारी को उक्त स्थानों को पर्यटन क्षेत्र के रूप में परिवर्तित करने को लेकर डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया। पर्यटन स्थलों के विकास से संबंधित भी समीक्षा कर उक्त स्थानों को विकसित करने हेतु भी डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों मलूटी मंदिर, मसानजोर, आउटडोर स्टेडियम आदि जैसे स्थानों के विकास के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया।

आरपीएफ ने 45 लीटर की 60 बोतल विदेशी शराब की जब्त

देवघर। ऑपरेशन सतर्क के तहत जसीडीह पोस्ट पर रेलवे सुरक्षा बल,आरपीएफ ने जसीडीह रेलवे स्टेशन पर विदेशी शराब के अवैध परिवहन में लगे एक व्यक्ति को पकड़ा। सब-इंस्पेक्टर संतोष कुमार के नेतृत्व में यह अभियान तब चलाया गया जब आरपीएफ टीम ने एक व्यक्ति को लोहे का बक्सा और एक भारी काला बैग लेकर स्टेशन के बीच वाले पुल की ओर बढ़ते देखा। पूछताछ करने पर,व्यक्ति ने खुद को बिहार के पटना के बाढ़ निवासी 38 वर्षीय पंकज कुमार के रूप में परिचय दिया। जसीडीह में आरपीएफ पोस्ट पर विस्तृत पूछताछ के दौरान, उसने अवैध रूप से विदेशी शराब ले जाने की बात स्वीकार की। बैग और बॉक्स की तलाशी लेने पर, आरपीएफ टीम को 45 लीटर की 60 बोतल विदेशी शराब मिली, जिसकी कुल कीमत 41,040 थी। शराब में रॉयल ग्रीन व्हिस्की, मैकडॉवेल नंबर 1 व्हिस्की और इंपीरियल ब्लू व्हिस्की जैसे प्रसिद्ध ब्रांड शामिल थे। शराब को गवाहों की मौजूदगी में जब्त किया गया और बिहार नारकोटिक्स एंड स्पिरिटस सब्सटेंस (बीएनएसएस) अधिनियम 2023 की धारा 105 के प्रावधानों के तहत जब्ती की वीडियोग्राफी सहित सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया। उसके कबूलनामे के बाद, पंकज कुमार को हिरासत में ले लिया गया। 27 सितंबर को गिरफ्तार व्यक्ति को जब्त शराब और संबंधित दस्तावेजों के साथ, आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग, देवघर को सौंप दिया गया।

मोटरसाइकिल चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता को लेकर रोड सेफ्टी काउंसलिंग

दुमका । जिला परिवहन पदाधिकारी दुमका के निर्देश पर जिला में सड़क सुरक्षा के नियमो के अनुपालन तथा विभिन्न थाना पुलिस द्वारा बिना हेलमेट पकड़े गए 130 मोटरसाइकिल चालकों को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने को लेकर शुक्रवार को सड़क-सुरक्षा टीम द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग की गयी। इस दौरान आए लोगो को बताया गया कि यातायात नियमो एवं वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। इस दौरान मुख्य रूप से थाना प्रभारी नगर थाना,थाना प्रभारी मुफस्सिल थाना दुमका, सड़क सुरक्षा प्रबंधक, रोड इंजीनियरिंग एनालिस्ट एवं आईटी असिस्टेंट शामिल थे।

जरमुंडी पंचायत समिति सदस्य ने शिक्षा,स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के साथ की चर्चा

जरमुंडी । जरमुंडी प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति की एक बैठक प्रखंड प्रमुख बसंती टुडू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना के तहत 5584 लक्ष्य निर्धारित है। मुख्यमंत्री वंदना योजना के तहत 835 लक्ष्य निर्धारित है एवं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 55 लक्ष्य प्राप्त हैं। जिसमें से कन्यादान योजना के लिए 29 आवेदन जिला को भेजा गया है। भालकी पंचायत समिति सदस्य द्वारा बताया गया कि अभी तक आंगनबाड़ी केंद्र लगवा दो का भवन निर्माण पूर्ण नहीं हुआ है। जिसे यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया। चिकित्सा प्रतिनिधि बीपीएम द्वारा बताया गया कि टीवी वैक्सीन देने का कार्य जारी है। विद्यालय के लिए आवश्यक सामग्रियों के क्रय से संबंधित सूचना की मांग पर बीईईओ ने बताया कि स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा क्रय समिति बनाकर सामग्रियों की खरीद की जाती है। मौके पर उप प्रमुख वीडियो जरमुंडी सीडीपीओ बीएचएओ, बीईईडी, बीडब्लूओ, बीपीआरओ, एमओ, एलएस,जेएसएस, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता,पंसस शारदा देवी,कविता देवी,अनुपलाल राय,रिंकी देवी,राजकुमार दास,लवलेश झा,पिंकीसोरेन व अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

एसकेएमयू में हुआ लेखन कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता

दुमका। झारखंड स्त्री अध्ययन परियोजना एवं आदिवासी महिला संसाधन केंद्र, सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय द्वारा ओनलाइन माध्यम से दो दिवसीय हिंदी भाषा में अकादमिक लेखन कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन में देश के अलग- अलग शैक्षणिक संस्थानों से शोध कर रहे 50 से अधिक चयनित शोधार्थी और विद्यार्थी शामिल हुए जिन्हें हिंदी भाषा में शोधपत्र लिखने की पद्धति, चुनौती और समाधान पर मार्गदर्शन दिया गया। सिदो- कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. बिमल प्रसाद सिंह के दिशा निर्देश और प्रोत्साहन से इस कार्यशाला का आयोजन हुआ। कुलपति महोदय ने प्रतिभागियों को शोध लेखन के लिए शुभकामना दी।

कार्यशाला की शुरुआत सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के सहायक प्राध्यापक एवम् महिला प्रकोष्ट के समन्वयक डॉ. निर्मला त्रिपाठी ने प्रतिभागियों का स्वागत, रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय बेंगलूरु के सहायक प्राध्यापक डॉ.श्वेता रानी के परिचय के साथ किये।

डॉ.श्वेता रानी ने हिंदी भाषा में अकादमिक लेखन के क्षेत्र में अपने अनुभव से शुरुआत करते हुए लेखन की चुनौती, तैयारी और आलोचनात्मक विचार पर अपनी बात रखते हुए पूर्वाग्रह से बचने का सुझाव दिये। उन्होंने कार्यशाला के दौरान देश- विदेश के कई प्रसिद्धी प्राप्त शोध और उनके लेखन शैली का उदाहरण देते हुए शब्दों के चयन और प्रयोग के विषय में बताया। लेखन मे व्याकरण का प्रयोग, तर्क, उद्धरण का प्रयोग करने की कला के साथ- साथ किसी विषय पर शोध करने के दौरान हमारी सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक , आर्थिक पूर्वाग्रह के प्रभाव के बारे बताए। इस दो दिवसीय कार्यशाला में उन्होंने प्रतिभागियों को असाइनमेंट के रूप में उदाहरण लेख भी लिखवाए और उस पर प्रतिक्रियाएँ दीं।

महिला अध्ययन केंद्र अर्थशास्त्र विभाग, रांची के कोर्डिनेटर डॉ. ममता कुमारी ने बताया कि अंग्रेजी भाषा में अकादमिक लेखन की कई कार्यशाला होती रहती हैं और उन्हें सीखने ले लिए किताबें भी आसानी से मिल जाती है।

दुधानी आजीविका महिला संकुल समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा का आयोजन

दुमका। पलाश जेएसएलपीएस के तहत दुमका प्रखंड के अंतर्गत पंचायत हरिपुर में दुधानी आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा का आयोजन सीएलएफ अध्यक्ष सुनिता हेमब्रम की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें कुल 4 पंचायतों के 32 राजस्व ग्राम से 254 एसएचजी में 2578 महिलाएं जुड़ी हुई है। सरकार द्वारा आजीविका बढ़ाने के उद्देश्य से संकुल संगठन द्वारा विभिन्न मद में कम ब्याज में ऋण जैसे सामुदायिक निवेश निधि, चक्रीय निधि, कैश, क्रेडित लिंकेज मुहैया करा कर ग्रमीण क्षेत्र में आजीविका के साथ-साथ स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इस वार्षिक आम सभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के कार्यगतिविधि एवं आय-व्यय को प्रस्तुत किया गया।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसांईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही' फोन न. 7367009287, 9771486686